

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष -42 ■ अंक-079 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


### डीजल और एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ी

**नई दिल्ली, 16 जून।** डीजल पर मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी को बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने आज यानी 16 जून से डीजल पर 14 रुपये/लीटर और एटीएफ पर 12.5 रुपये/लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है। फिलहाल पेट्रोल के निर्यात पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसका रेट पहले की तरह ही 1.5 रुपये प्रति लीटर बना रहेगा। सरकार का यह फैसला रिफाइनरी कंपनियों को निर्यात को प्राथमिकता देने से रोकने के लिए है, ताकि देश में पेट्रोल, डीजल और एटीएफ की कमी न हो। सरकार ने यह निर्यात शुल्क सबसे पहले 27 मार्च 2026 को लागू किया था। बता दें कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की मांग और कीमतें बढ़ी थीं। ऐसे में रिफाइनरियों के लिए घरेलू बाजार की बजाय निर्यात करना ज्यादा फायदेमंद हो रहा था। यह बदलाव सिर्फ निर्यात पर लागू होगा। घरेलू बाजार में बिकने वाले पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानी पंप पर आपको मिलने वाले फ्यूल की कीमत इससे प्रभावित नहीं होगी।

### बंगाल में मलयालम बोलने पर केरल के युवक की हत्या

**कोलकाता, 16 जून।** पश्चिम बंगाल में मॉब लिंचिंग की वारदात हुई है। बंगाल में मलयालम बोलने पर केरल के युवक की हत्या कर दी गई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में भीड़ ने केरल के युवक को पीट-पीटकर मार डाला। ममाले में पलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों नाबलिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं शेष आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर पुलिस ने हत्या के एंगल से जांच शुरू कर दी है। जानकार के मुताबिक केरल का रहमने वाला संदीप अकेले बाजार जाने के लिए निकला था। इसी दौरान वो रास्ता भटक गया और संकीजहान गांव पहुंच गया। उसे हिंदी और बंगाली भाषा ठीक से नहीं आती थी। युवक को सिर्फ मलयालम बोलने आता था।

### स्कूल खुलते ही पहले दिन भीषण गर्मी में बेहोश हुआ छात्र

**दुर्ग, 16 जून।** दुर्ग के जेआरडी स्कूल में सोमवार, 16 जून की सुबह जब छात्र प्रार्थना के लिए मैदान में इकट्ठा हुए थे, तभी उमस और अत्यधिक गर्मी के कारण एक छात्र अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़ा।

स्कूल प्रशासन ने बिना देरी किए छात्र को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) ने खुद अस्पताल पहुंचकर छात्र के स्वास्थ्य का हाल जाना। राहत की बात यह है कि फिलहाल छात्र की स्थिति स्थिर बनी हुई है। दूसरी तरफ, बालोद जिले के डौंडी आदिवासी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक स्कूल कांडे में 'शाला प्रवेश उत्सव' के पहले ही दिन जमकर बवाल हुआ।

## 5 जिलों में एक साथ ईडी के छापे, भारतमाला और डीएमएफ घोटाले की बड़ी जांच शुरू

**रायपुर, 16 जून।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ एक बार फिर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी की टीमों ने प्रदेश के पांच प्रमुख जिलों रायपुर, दुर्ग, धमतरी, कोरबा और अंबिकापुर में एक साथ नौ अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। ईडी की यह कार्रवाई भारतमाला सड़क परियोजना में हुए भूमि अधिग्रहण मुआवजा घोटाले और जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) फंड के उपयोग में हुई गंभीर गड़बड़ियों को लेकर हुई है।

**धमतरी में दीपेश गांधी के ठिकानों पर कार्रवाई-** आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, धमतरी में प्रतिष्ठित कारोबारी दीपेश गांधी के ठिकानों पर ईडी की टीम ने तड़के धावा बोला। वहां न केवल जमीनी और वित्तीय दस्तावेजों को जब्त किया गया, बल्कि कंप्यूटर, हार्ड डिस्क और मोबाइल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी गहनता से जांच की जा रही है। भारतमाला परियोजना के तहत जमीनों के अधिग्रहण और उसके बदले बांटे गए मुआवजे में बड़े पैमाने पर हेरफेर के सबूत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

**डीएमएफ घोटाले से संदिग्धों के यहा रेड-** दूसरी तरफ, दुर्ग और कोरबा जिलों में ईडी की टीमों ने डीएमएफ फंड घोटाले से जुड़े संदिग्धों के यहां मोर्चा संभाला है। जांच एजेंसी मुख्य रूप से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जनहित और विकास कार्यों के लिए आरक्षित जिला खनिज न्यास निधि का उपयोग किन नियमों को ताक पर रखकर किया गया और इसका पैसा कहां-कहां ट्रांसफर हुआ।

**इनके यहां पहुंची केंद्रीय जांच टीम-** राजधानी रायपुर और अंबिकापुर में भी ईडी की जांच का दायरा बढ़ा है। जिन प्रमुख लोगों के व्यावसायिक और आवासीय परिसरों पर कार्रवाई चल रही है, उनमें प्रकाश सालुंगे, किशोर एग्रो (रायपुर) के शाश्वत लुणावत और मानसून एग्रो (अंबिकापुर) के राजेश गुप्ता शामिल हैं। इन सभी ठिकानों पर तैनात सुरक्षाबलों की मौजूदगी में ईडी के अधिकारी बैंकिंग लेनदेन, टैक्स इनवॉइस और डिजिटल वित्तीय रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं।

## स्लोवाकिया ने पीएम मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा



**ब्रातिस्लावा, 16 जून।** पीएम मोदी को स्लोवाकिया ने अपने सबसे बड़े राष्ट्रीय सम्मान "ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस" से सम्मानित किया है. यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देशों के बीच संबंध मजबूत करने में बड़ा योगदान दिया हो. यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 33वां वैश्विक सम्मान है. स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने पीएम मोदी को इस सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है. स्लोवाकिया का सर्वोच्च पुरस्कार पीएम मोदी की मजबूत वैश्विक कूटनीति की सफलता को दिखाता है. पीएम मोदी यूरोप की अपनी एक हफ्ते की यात्रा के तहत ब्रातिस्लावा में हैं. 'द ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' स्लोवाकिया द्वारा विशेष रूप से विदेशी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक और सैन्य राजकीय सम्मान है. स्लोवाकिया द्वारा दिया गया यह सम्मान दोनों देशों के मजबूत होते रणनीतिक रिश्तों पर मुहर लगाता है. PM मोदी को अब तक दुनिया के अलग-अलग देशों से मिले वैश्विक सम्मानों की कुल संख्या 33 हो गई है. पीएम मोदी ने इस सम्मान को लेते हुए कहा, 'यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का है. मैं यह पुरस्कार भारत और स्लोवाकिया की अटूट दोस्ती को समर्पित करता हूं.' भारत और स्लोवाकिया ने सोमवार को प्रवासन, डिजिटल टेक्नोलॉजी और डिफेंस जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "सोमवार को राष्ट्रपति पेलेग्रिनी के साथ हुई बातचीत में विनिर्माण, परिवहन, नवाचार और निवेश संबंधों, ऊर्जा, जैव ईंधन आदि जैसे विविध विषयों पर चर्चा हुई.

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र नहीं सौंपा तो शासकीय कर्मचारी का निलंबन स्वत: माना जाएगा समाप्त

**बिलासपुर, 16 जून।** हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला दिया है कि यदि किसी शासकीय सेवक को निलंबित करने के 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र नहीं सौंपा जाता है या उसके निलंबन की अवधि को कानूनी रूप से आगे नहीं बढ़ाया जाता, तो ऐसा निलंबन कानूनन स्वतः ही समाप्त माना जाएगा। जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच ने लोक निर्माण विभाग के एक निलंबित अधिकारी की याचिका स्वीकार करते हुए निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, छग के उत्तर बस्तर कांकेर के आरईएस. कॉलोनी निवासी एमके खरे को लोक निर्माण विभाग में पदस्थापना के दौरान राज्य शासन ने 9 जनवरी 2026 को निलंबित कर दिया था। तय समय-सीमा बीत जाने के बाद भी विभाग ने न उन्हें चार्जशीट दी गई और न ही निलंबन बढ़ाने का कोई आदेश जारी किया। खरे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर निलंबन समाप्त करने की मांग की। याचिका में तर्क दिया कि सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9(5)(ए) के अनुसार, किसी भी सरकारी कर्मचारी को निलंबित करने के 90 दिनों के भीतर चार्जशीट जारी करना अनिवार्य है। यदि विभाग ऐसा करने में विफल रहता है, तो कर्मचारी स्वतः ही सेवा में बहाली का हकदार हो जाता है। इस मामले में विभाग ने नियमों का खुला उल्लंघन किया है।

राजनाथ सिंह के आवास पर जुटे भाजपा के दिग्गज

## 2027 के लिए 7 राज्यों का ब्लूप्रिंट तैयार



**नईदिल्ली, 16 जून।** भाजपा की केंद्रीय टीम में पुनर्गठन की चर्चाओं के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई. केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक में अमित शाह और जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई प्रमुख नेता भी शामिल हुए. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेताओं के बीच लगभग 4 घंटे तक एक उच्च स्तरीय बैठक हुई. पार्टी की नई केंद्रीय टीम के गठन को लेकर चर्चा हुई. भाजपा की केंद्रीय टीम में फेरबदल की अटकलों के बीच पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई. इस बैठक में कई दिग्गज नेता ने भी इंट्री ली. बैठक में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, अमित शाह, जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष, आरएसएस के अरुण कुमार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी इस बैठक में शामिल हुए.देश के मौजूदा राजनीतिक हालात और आने वाले चुनावों की तैयारियों पर करीब 4 घंटे तक चर्चा की गई. पार्टी की ओर से इस बैठक में की गयी बातों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया. लेकिन जानकारी के अनुसार बैठक में पार्टी की केंद्रीय टीम में संभावित फेरबदल समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई. नितिन नवीन के नेतृत्व में नई केंद्रीय टीम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है, जिसमें वरिष्ठ और युवा नेताओं का संतुलन देखने को मिल सकता है. जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में असेंबली चुनाव हैं. नई नियुक्तियां भाजपा की केंद्रीय टीम में बड़े पुनर्गठन का संकेत दे रही हैं. बंगाल फतह करने के बाद से BJP 2027 में 7 राज्यों में चुनाव को लेकर अभी से ही तैयारी की सुगबुगाहट करने लगी है.

सक्ती का मामला

## रिश्वतखोर सीईओ, बाबू और भृत्य गिरफ्तार

**सक्ती, 16 जून।** छत्तीसगढ़ के सक्ती में ACB की टीम ने सीईओ, बाबू और भृत्य को 1 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। तीनों ने सरपंच के बेटे से चेक जारी करने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। आरोपियों ने रिश्वत की 1 लाख रकम ले चुके थे, दूसरी किस्त 1 लाख लेते एसीबी ने आज रंगे हाथ पकड़ा है। दरअसल, अरुण भारद्वाज द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में शिकायत की थी कि उसकी माता ग्राम लिमतरा, जिला सक्ती की सरपंच है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत् पंचायत के लिए निर्मल घाट व नाली निर्माण आदि के लिए 20 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है जिसमें से 8 लाख रुपये का चेक जनपद पंचायत सक्ती से जारी हो चुका है। शेष 12 लाख का चेक जारी करने के लिए उसकी माता द्वारा उसे जनपद पंचायत सक्ती जाकर उस बारे मे आगे की कार्यवाही करने के लिये अधिकृत किये जाने पर शेष बचे 12 लाख रुपये का चेक जारी करने सीईओ जनपद सक्ती निखिल कश्यप और उसके बाबू अविनाश ठाकुर से निवेदन किया था। दोनों ने चेक जारी करने के एवज में आरोपी सीईओ निखिल कश्यप और उसके बाबू अविनाश ठाकुर के द्वारा उससे कमीशन के रूप में 2 लाख रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था।

## रविशंकर महाराज बनाम सीबीआई फोन टैपिंग पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**बिलासपुर, 16 जून।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में रविशंकर महाराज बनाम सीबीआई मामले की सुनवाई हुई। याचिका में सीबीआई की फोन टैपिंग से जुटाए सबूतों की कानूनी वैधता पर सवाल उठाया गया है। नए दूरसंचार नियम 2024 के तहत टैपिंग आदेश को 7 कार्य दिवसों में रिव्यू कमेटी के सामने रखना जरूरी होता है। ऐसा न होने पर सबूत अमान्य हो सकते हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 24 घंटे और सीबीआई को 24 जून 2026 तक जवाब देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में यह मामला सुना गया। याचिकाकर्ता ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई (सीबीआई) के खिलाफ यह याचिका दायर की है। याचिका में नए दूरसंचार नियम 2024 के तहत की गई फोन टैपिंग से जुटाए सबूतों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट मनु शर्मा ने दूरसंचार नियम 2024 के नियम 3(3)(b) का हवाला दिया। उनका कहना है कि 28 जून 2025 को जो फोन इंटरसेप्शन यानी टैपिंग का आदेश जारी हुआ था, उसे 7 कार्य दिवसों के भीतर रिव्यू कमेटी के सामने पुष्टि के लिए रखना जरूरी था। यदि कमेटी तय समय में उसकी पुष्टि नहीं करती तो वह आदेश अपने आप बेअसर हो जाता है। ऐसी स्थिति में उस अवधि के बाद की गई टैपिंग से जुटाए गए किसी भी सबूत को ट्रायल कोर्ट में नहीं माना जा सकता। याचिकाकर्ता ने मद्रास हाईकोर्ट के एक अहम फैसले यानी द डायरेक्टर, सीबीआई बनाम पी. किशोर का हवाला भी दिया। हालांकि हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने पाया कि मुख्य याचिका में 28 जून 2025 के इंटरसेप्शन आदेश को सीधे चुनौती नहीं दी गई थी। बाद में एक अंतरिम आवेदन देकर यह अतिरिक्त आधार जोड़ने की अनुमति मांगी गई थी। नए नियमों के उल्लंघन की बात लिखित रूप में स्पष्ट नहीं थी।



### हमें पकिस्तानियों पर भरोसा नहीं : इजरायल

**यरूशलम, 16 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच हुआ शांति समझौता मिडिल ईस्ट युद्ध की कहानी ही बदल रही है. यूएस-ईरान के बीच हुए शांति समझौता को इजरायल ने अपनी तरफ से नकार दिया है और इस समझौते से खुश नहीं है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हुआ है, जिसका पाकिस्तान ने भी समर्थन किया है, लेकिन इज़राइल ने इस समझौते को मानने से साफ इनकार कर दिया है. शांति समझौता में इजरायल ने पाकिस्तान की किसी भी भूमिका की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है. भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने साफ कहा कि इजरायल, पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करता है.

वाशिंगटन और तेहरान के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में हुए एक ऐतिहासिक शांति समझौते ने पश्चिम एशिया की जियोपॉलिटिक्स को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया है. इजरायली राजदूत रूवेन अजार ने अमेरिका-ईरान डील में लेबनान के शामिल होने की बात को भी खारिज कर दिया.

## महिला चीखती रही, मौलवी कलमा पढ़ता रहा

**नागपुर, 16 जून।** महाराष्ट्र के नागपुर से भारतीय आर्मी जवान की पत्नी से रेप और धर्मांतरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इतना ही नहीं, हिंदू महिला को बीफ खाने को परोसा और जबरन निकाह करने की कोशिश भी की गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों अय्याज ताज मदारे (26) और आमीन शेख (30) को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मध्य प्रदेश के तामिया निवासी मौलाना फरार है। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। वायरल वीडियो में हिंदू महिला चीखती हुई दिख रही है। वो वहां से भागने की कोशिश करती हुई दिख रही है। जबकि मौलाना विवाहित महिला के दोनों हाथों को पकड़कर कलमा पढ़ते हुए दिख रहा है। वायरल वीडियो में आरोपी महिला के साथ कलमा पढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है और उस पर लगातार फूंक मारता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित विवाहित महिला (24) का पति इंडियन आर्मी में है और नागपुर के बाहर पोस्टेड है। महिला प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। पीड़िता ने शिकायत में बताया गया है कि फरवरी 2025 में उसके पूर्व मुस्लिम सहपाठी अय्याज ताज मदारे ने प्लॉट खरीदने के बहाने उससे संपर्क किया था। अय्याज महिला को वर्धा रोड स्थित होटल में लेकर गया। वहां उसे जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान उसके वीडियो और फोटो भी बना लिए। इसके बाद आरोपी अश्लील वीडियो और तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका यौन शोषण करता रहा।

**नागपुर में आर्मी जवान की पत्नी से रेप और धर्मांतरण का मामला**

## छत्तीसगढ़ पुलिस को मिले 33 नए डीएसपी

**रायपुर, 16 जून।** उप मुख्यमंत्री एवं गृह मत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में वर्ष 2021 एवं वर्ष 2024 के छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित 33 उप पुलिस अधीक्षकों के बुनियादी प्रशिक्षण का नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी में शुभारम्भ हुआ। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आप सभी ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से इस प्रतिष्ठित सेवा में स्थान प्राप्त किया है। यह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि एक सेवा, एक दायित्व, और एक बड़ी जिम्मेदारी है। इस समारोह में पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अति. पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण दीपाशु काबरा उपस्थित हुए। साथ ही अकादमी के महानिदेशक अजय यादव, वरिष्ट पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अति. पुलिस अधीक्षक सोनिया उके एवं अकादमी के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कि आज का दिन न केवल आप सभी नव-नियुक्त उप पुलिस अधीक्षकों के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप सभी ने कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण के बल पर इस प्रतिष्ठित पद को प्राप्त किया है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नैतिकता से बड़ा कोई बल नहीं होता, आज नवीन समाज की आवश्यकता को समझना और उसके आधार पर संवेदनशीलता पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। पुलिस केवल कानून का पालन करवाने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज की रक्षा करने वाली एक शक्ति है। हमें न केवल अपराध को रोकना है, वल्कि जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करना है।

## मालगाड़ी की चपेट में आयी हथिनी की मौत

साथी को घेरे खड़ा रहा हाथियों का झुंड



**रायगढ़, 16 जून।** मालगाड़ी की चपेट में आकर एक मादा हाथी गंभीर रूप से घायल हो गई। हथिनी ने वन विभाग की टीम के ईलाज से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर हाथियों का एक बड़ा झुंड डटा रहा, जिसके कारण वन विभाग और रेस्क्यू टीम को पास जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यह पूरा मामला घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत चारमार गांव का है। बताया जा रहा है कि कोयला परिवहन वाली रेल लाइन से मालगाड़ी गुजर रही थी, तभी लगभग 45 साल की जंगली मादा हथिनी मालगाड़ी की चपेट में आ गई। ट्रेन की सीधी टक्कर लगने से उसके एक पैर में बेहद गंभीर और गहरी चोट आई है, जिसके कारण वो दर्द से कराहने लगी। हाथी की आवाज सुनकर उसके दल के अन्य हाथी भी वहां जमा हो गए। आखिर में हथिनी ने उपचार से पहले ही दम तोड़ दिया। वही अब शव को पोस्टमार्टम के बाद दफनाने की तैयारी की जा रही है।

## होर्मुज़ से 62 हजार टन एलएनजी लेकर सुरक्षित निकला हमारा जहाज



**नई दिल्ली, 16 जून।** सोमवार को होर्मुज़ से भारत आने वाले एलएनजी कैरियर 'दिशा' के सुरक्षित गुज़रने से, फ़ारस की खाड़ी में फंसे भारत और दूसरे देशों के झंडे वाले 34 और जहाज़ों के भारतीय बंदरगाहों तक सुरक्षित और तेज़ी से पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गई हैं, क्योंकि अमेरिका और ईरान ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने का फ़ैसला किया है। भारत आ रहे इन जहाजों में से 15 जहाजों में कच्चा तेल, एलएनजी और एलपीजी लदा है, जबकि बाकी तीन जहाजों में दूसरा सामान है। पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए, शिपिंग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने कहा, "एलएनजी कैरियर 'दिशा' सुरक्षित रूप से होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़र चुका है और इसमें 62,370 टन एलएनजी कार्गो लदा है। इस जहाज के 18 जून को पहुंचने की उम्मीद है।" हालांकि, इनमें से खाद (फ़र्टिलाइज़र) से लदे 16 जहाज़ों के आने से मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्व की सप्लाई बढ़ाने में मदद मिलेगी, लेकिन नीति-निर्माता अभी भी सावधानी बरत रहे हैं क्योंकि ऊर्जा सप्लाई में सुधार से तुरंत राहत नहीं मिल सकती है, क्योंकि बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। खाद विभाग की संयुक्त सचिव वंदना प्रेयशी ने बताया कि इस अहम जलडमरूमध्य में मौजूद 16 जहाज़ों में से आठ में यूरिया, चार में डाय-अमोनियम फॉस्फेट, तीन में सल्फर और एक में अमोनिया लदा है।

# लक्ष्मी नगर में निगम की छापेमारी, सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग पर वसूला जुर्माना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-1 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 10, लक्ष्मी नगर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान फल एवं सब्जी ठेलों सहित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनुज्ञप्ति लाइसेंस की जांच की गई तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर चालानी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान कुल 15 प्रतिष्ठानों और ठेलों पर नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिन पर जुर्माना लगाया गया। निगम की टीम ने 11 फल एवं सब्जी ठेलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर 50 से 100 रुपये तक का जुर्माना लगाया। वहीं, एक जूता दुकान और एक रेडीमेड दुकान पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने अथवा नियमों के उल्लंघन के कारण 500-500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान सोनू चौहान, किशन, राहुल सोनकर, विक्की, छोटू सोनकर, सुजीत, सुनील, जोगिंदर, उमेश साह, लगन देवी, अजय, गणेश सहित अन्य दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 2120 रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूली गई।

# जामुल के नंदिनी रोड में नौ लाख की लागत से बनेगा नया पाथ-वे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,16 जून।** जामुल क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 स्थित नंदिनी रोड में नए पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों एवं वार्ड वासियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 3 में बनने वाले पाथवे निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत नौ लाख रुपये है। ठाकुर ने विश्वास व्यक्त किया कि जनसहभागिता और नियोजित विकास कार्यों के माध्यम से नगर पालिका जामुल आने वाले समय में नए स्वरूप में नजर आएगी। स्थल पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेखराम बन्छोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, दिलीप सिंह, शिव वर्मा, मेघनाथ साहू, पीयूष चौहान, दुर्योधन साहू, तुम सिंह साहू, बाली बर्मन, रिंकू खान, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



# ग्राम राखी में तालाब का भूमिपूजन सभापति प्रणव शर्मा ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,16 जून।** जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राखी में समुदाय के लिए जल संचयन तालाबों का निर्माण मद से नया तालाब बनाने मनरेगा योजना के माध्यम से किए जाने की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदान की गई है, जिसके लिए राशि लगभग 28.61 लाख रुपए पास हुई है। रविवार प्रातः मुख्य अतिथि सभापति माननीय प्रणव शर्मा के उपस्थिति में नया तालाब निर्माण किए जाने हेतु सामूहिक रूप से ग्राम के देवी देवताओं का सुमिरन करते हुए पुष्प धूप दीप से पूजन अर्चन कर नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया गया, मुख्य अतिथि प्रणव शर्मा ने समस्त ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नया तालाब निर्माण से गांव के भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी यह ग्रामवासियों के लिए मददगार सिद्ध होगा, ग्राम के सरपंच जीतेश्वरी देवांगन ने कहा नए तालाब से किसानों को खेती में लाभ होगा और यह जल संचय हेतु गांव के लिए उपयोगी होगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम के उपसरपंच रोशन दांडेकर, उत्तम बंजारे, हिरेंद्र देवांगन, नकुल सत्यम, सुरेश बघेल, धर्मेंद्र बघेल, ग्राम के समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## एक नजर

### चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 16 जून (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाने पुलिस ने फैक्ट्री परिसर में घुसकर केबल वायर और अन्य सामग्री चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि बीएस इंटरप्राइजेस कंपनी, शंकर नगर छावनी के संचालक सरबजीत सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पांच जून की रात अज्ञात चोर कंपनी परिसर से वेल्डिंग केबल, वेल्डिंग लीड और कंट्रोल पैनल चोरी कर ले गए? शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही विनोद ठाकुर ( 19 साल ) निवासी एचएससीएल कॉलोनी, छावनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली उसने बताया कि चोरी किए गए केबल वायर को आग से जलाने के बाद सुलभ शौचालय की की छत पर छिपाकर रखा था पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सामान बरामद कर लिया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 16 जून (तछसं.)।** भिलाई अंजोरा चौकी पुलिस ने जूता-चप्पल बेचने की आड़ में अवैध शराब कारोबार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से शराब और नकदी जब्त की गई है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि ग्राम थनौद से रसमड़ा मार्ग पर कार्रवाई के दौरान धुरवाराम बारिया (55 साल ) को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पकड़ा गया? जांच में वह जूता-चप्पल बिक्री की आड़ में अवैध रूप से शराब बेचते पाया गया अंजोरा चौकी पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब तीन हजार रुपए मूल्य की शराब और 300 रुपए नकद जब्त किए हैं उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### तहसील साहू समाज भखारा की बैठक 17 को

**अंवरी,16 जून।** तहसील साहू समाज भखारा की आवश्यक बैठक दिनांक 17 जुन दिन बुधवार को दोपहर 3 बजे स्थान तहसील साहू समाज भवन भखारा में आयोजित है जिसमें तहसील साहू समाज भखारा के सभी पदाधिकारी गण,सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं सदस्य गण, सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण निर्धारित तिथि में उपस्थिति के अपील तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कि और कहा कि बैठक में इन विषयों पर होगी चर्चाआय व्यय की जानकारी ,अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा और कि जाऐगी ।

# औंसर पंचायत में दो दिवसीय युवा सशक्तिकरण समर कैंप का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,16 जून।** ग्राम पंचायत औंसर में चैतन्य संस्था और पंचायत द्वारा दो दिवसीय युवा सशक्तिकरण समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं किशोर-किशोरियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया।समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए योग एवं ध्यान, स्व-मूल्यांकन, व्यक्तित्व विकास, जेंडर समानता, नशामुक्त जीवन, सोशल मीडिया के प्रभाव एवं साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा खेलकूद गतिविधियों एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में चैतन्य संस्था की ट्रेनिंग एसोसिएट प्रिया शर्मा ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन कौशल एवं सकारात्मक सोच के बारे में जानकारी दी। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के यशवंत कुमार ने बच्चों को कानूनी जागरूकता, बाल अधिकार एवं विभिन्न कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत औंसर की सरपंच श्रीमती प्रियलता महिपाल का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बच्चों को शिक्षा, खेल, नशामुक्ति एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं शिक्षक अनकेश्वर महिपाल ने बच्चों को प्रभावी अध्ययन पद्धति, कैरियर मार्गदर्शन तथा पुस्तकों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।समापन अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। चैतन्य संस्था ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से बच्चों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला।



# आशा जंघेल ने पदभार ग्रहण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,16 जून।** नगर पंचायत उतई के सेवानिवृत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राजेंद्र नायक कि जगह मे नवनियुक्त सी. एम. ओ.श्रीमती आशा जंघेल जी आज दिनांक 15/06/2026 को उतई मे पदभार ग्रहण किये जिसे नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू, समस्त पार्षदगण एवं सभी अधिकारी /कर्मचारियों द्वारा बधाई दिया गया जिसके बाद सी. एम. ओ. मैडम द्वारा पहले ही दिन सभी अधिकारी/कर्मचारी का बैठक लिया गया और चर्चा किया गया कि नगर क्षेत्र मे स्वछता एवं पेयजल कि समस्या को विशेष ध्यान मे रखते हुए किसी भी प्रकार कि समस्या नहीं होने कि बात कही और सभी अधिकारी /कर्मचारी के उपस्थिति मे अपने कार्यआदेश के अनुसार सभी कार्य को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अंतर विभागीय संगीत प्रतियोगिता में कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली प्रतिष्ठित अंतर विभागीय संगीत स्पर्धा का समापन समारोह महात्मा गांधी कला मंदिर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सौमिक डे, महाप्रबंधक दीपांकर रे, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तथा उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं संगीत प्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन कुमार ने स्वयं एक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। पुरुष हिंदी गायन वर्ग में जगमोहन प्रथम, गौतम कुमार दास द्वितीय तथा वाय. उमाशंकर तृतीय स्थान पर रहे। महिला हिंदी गायन वर्ग में श्रीमती तानिया समद्दार ने प्रथम, सुश्री भाश्वोती बोस ने द्वितीय तथा श्रीमती शालिनी पांडियन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गैर हिंदी पुरुष गायन वर्ग में जगमोहन प्रथम, शैलेश मोधे द्वितीय तथा मुकेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं गैर हिंदी महिला गायन वर्ग में सुश्री मधुरिमा राय प्रथम, सुश्री लहर माहुरकर द्वितीय तथा सुश्री ज्ञानू मैत्रेय तृतीय स्थान पर रहीं। युगल गायन वर्ग में श्रीमती तानिया समद्दार एवं अलंकार समद्दार की जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया। श्रीमती शालिनी पांडियन एवं जी. पी. पांडियन द्वितीय तथा श्रीमती पंकजिनी एवं रंजीत तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल के सदस्य रविश कालगांवकर, सपन भट्टाचार्य, श्रीमती अंजलि शुक्ला, श्रीमती स्वाति देशपांडे, श्रीमती उमा मित्रा, श्रीमती वरदा जोशी एवं तरुण निषाद उपस्थित रहे। संगीत संगत में दिलीप शर्मा, दीपांकर दास, भालचंद्र शेगेकर, भागवत साहू, देवव्रत मजुमदार, सतीश सिन्हा, रविन्द्र कर्मकार, भारत भूषण परगनिया एवं साईं चक्रवर्ती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वाद-मुक्त ग्रामीण भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**दुर्ग, 16 जून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नाल्सा), नई दिल्ली द्वारा जारी मुकदमे-मुक्त ग्रामीण भारत की दिशा में सामुदायिक मध्यस्थता मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा जिले के पांच ग्रामों घुघसीडीह, ननकट्ठी, अरसनारा, निकुम एवं कुथरेल का चयन किया गया है।

इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले छोटे-छोटे सामाजिक, पारिवारिक, पड़ोसी, भूमि एवं अन्य सामुदायिक विवादों का न्यायालय पहुंचने से पूर्व ही आपसी संवाद, सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण सुनिश्चित करना है। सामुदायिक मध्यस्थता की इस व्यवस्था से न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने में सहायता मिलेगी, बल्कि गांवों में सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं आपसी विश्वास को भी मजबूती प्राप्त होगी।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा चिन्हांकित इन ग्रामों में सामुदायिक मध्यस्थता तंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यशालाएं एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, पैरामलीगल वालंटियर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीण नागरिकों को मध्यस्थता की प्रक्रिया एवं उसके लाभों से अवगत कराया जाएगा।




# ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के क्षेत्र में योगदान के लिए दासमहापात्र सम्मानित

**भिलाई, 16 जून।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार दासमहापात्र को ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं इम्यूनो हेमेटोलॉजी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। उन्हें राज्यपाल तथा कलेक्टर द्वारा आयोजित समारोह में औपचारिक रूप से सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. दासमहापात्र के मार्गदर्शन में जेएलएनएच एंड आरसी ब्लड सेंटर ने गुणवत्ता, सुरक्षा और आधुनिक रक्ताधान सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह क्षेत्र का एकमात्र ब्लड सेंटर है, जिसे राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की मान्यता प्राप्त है। डॉ. दासमहापात्र के नेतृत्व में ब्लड सेंटर द्वारा निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और वैज्ञानिक संगोष्ठियों का नियमित आयोजन किया जाता रहा है।

# एटीएम में तोड़फोड़ करने पर दो युवक गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** भिलाई छावनी पुलिस ने नंदनी रोड स्थित केनरा बैंक एटीएम में तोड़फोड़ करने के मामले में दो युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है छावनी प्रभारी अमति अंदानी ने बताया कि केनरा बैंक एटीएम, बेदी कॉम्प्लेक्स के गेट में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की पूछताछ में शिवम कुमार ( 19 साल ) और रितिक कुमार सिंह ( 19 साल ) ने एटीएम के गेट में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया छावनी थाने पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की। अपराध जमानतीय होने के कारण आरोपियों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। मामले की आगे की जांच जारी है

# संरक्षा कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चार रेलकर्मी सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 जून।** रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेल कर्मचारियों की सजगता, दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही यात्रियों को सुरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध हो पाती है। इसी कड़ी में बेहतर संरक्षा कार्य और सतर्कता का परिचय देने वाले चार रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद ने सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने संरक्षा प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों के उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों से उनके संरक्षा संबंधी कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि रेल परिचालन की सफलता में प्रत्येक रेलकर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्धारित दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन और सतत सजगता ही सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करती है। संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित रेलकर्मियों में जूनियर इंजीनियर निपनियां के दीपक देवांगन, लोको पायलट बिलासपुर के राम खेलावन रविदास, लोको चालक बिलासपुर के लोकेश कुमार तथा ट्रैक मेंटेनर ग्रेड-4, भिलाई के मुक्तानंद शामिल हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गैर-संकार्य क्षेत्र के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई,16 जून।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कार्यस्थल पर नवाचारए संसाधनों के प्रभावी उपयोगए उच्च सुरक्षा मानकों के पालन तथा तकनीकी एवं प्रक्रियागत अनुशासन के माध्यम से संगठनात्मक उद्देश्यों की प्राप्ति में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में चयनित कार्मिकों को महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक प्रभारी संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी तथा महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक एमके साहू, उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, उप महाप्रबंधक आर् गर्ग, उप महाप्रबंधक अंशुमन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्म शिरोमणि पुरस्कार के लिए गैर-संकार्य क्षेत्र के 12 कार्मिकों का चयन किया गया। इनमें जूनियर इंजीनियर संदीप अग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट सुनील कुमार यादव, लेबर इंस्पेक्टर संतोष तिवारीए इंजीनियरिंग एसोसिएट खुशबु कुमारए एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट सुश्री प्रेरणा डोंगरेए एसीटी ट्रेनी पीयूष कांति मंडल, सेक्शन एसोसिएट आरण् राजेश,जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट चलपति राव, सेक्शन एसोसिएट जनसंपर्क विनोद एसणए एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट सोहन लाल मीणा ऑफिस एसोसिएट मोहन तथा सेक्शन ऑफिसर स्वतंत्र कुमार शामिल हैं। संचालन सहायक महाप्रबंधक सुश्री जया रॉय ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआर गैर संकार्य विभाग के एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट देवेंद्र कुमार सिन्हा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शौर्य चक्र से अलंकृत इंस्पेक्टरों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा शौर्य चक्र से अलंकृत होने वाले छत्तीसगढ़ पुलिस के दो इंस्पेक्टरों का दुर्ग पुलिस के द्वारा रक्षित आरक्षित केंद्र में सम्मान किया गया इन दोनों इंस्पेक्टरों ने बीहड़ जंगल में न केवल डटकर नक्सलियों का सामना किया बल्कि अपने साथ के जवानों के प्राणों की रक्षा भी की शौर्य चक्र से सम्मानित होने के बाद उनके हौसलाफजाई और अन्य पुलिस जवानों को प्रेरित करने दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने बताया कि शौर्य चक्र जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करना किसी भी पुलिस अधिकारी के लिए अत्यंत गौरव की बात है निरीक्षक लक्ष्मण केवट एवं निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख ने अत्यंत विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए अदम्य साहस, धैर्य, नेतृत्व क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल और अन्य आला अधिकारी रक्षित आरक्षि केंद्र के सभागार में मौजूद रहे दोनों इंस्पेक्टरों रामेश्वर प्रसाद देशमुख और लक्ष्मण केवट जिन्हें अब राम लक्ष्मण की जोड़ी भी कहा जाता है को दुर्ग पुलिस के द्वारा भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इन्होंने नक्सल विरोधी अभियान में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए लगभग 200 से ज़्यादा जवानो की रक्षा तो की ही विभिन्न मोर्चों पर जवाबी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों का इनकाउंटर भी किया था यादगार घटना 16 अप्रैल 2024 को नक्सलियों की भीषण गोलाबारी के बीच दोनों अधिकारियों ने करीब 200 जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की और जवाबी कार्रवाई करते हुए चार घायल जवानों को सुरक्षित बाहर भी निकाला करीब तीन घंटे तक चली मुठभेड़ में उनके नेतृत्व और बहादुरी से नक्सलियों की साजिश नाकाम हुई और अभियान सफल रहा,, निरीक्षक लक्ष्मण केवट ने मुठभेड़ों में 98 और निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख ने 58 नक्सली मार गिराए थे उनके इसी साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा के लिए देश के प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया है ।

# रानी सागर के किनारे चला सफाई अभियान, चौपाटी के पास से ठेले-खोमचे हटाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 जून।** रानी सागर के किनारे ठेला खोमचा वाले एंव अन्य लोगो के द्वारा कचरा फेकने पर फैली गंदगी की आज निगम का स्वास्थ्य अमला ने सफाई अभियान चलाकर कचरा उठा चौपाटी के आस पास से ठेला खोमचा हटाए।

उल्लेखनीय है कि चौपाटी के आस पास ठेला खोमचा वालो के द्वारा रानी सागर के किनारे कचरा डालने से गंदगी फैल गई थी, साथ ही नागरिको द्वारा भी तालाब के आस पास कचरा फेकने से किनारे में कचरा फैल गया था। इस संबंध में उच्च अधिकारियो द्वारा सफाई कर ठेला खोमचा हटाने के निर्देश दिए थे। निर्देश के अनुक्रम में आज निगम का अतिक्रमण दस्ता व स्वास्थ्य अमला रानी सागर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर जेसीबी से कचरा निकाल टिप्पर से कचरा हटाए। इसके अलावा चौपाटी के आस पास से अवैध रूप से रखे एवं खुले ठेले हटाने की कार्यवाही किए।

आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज अतिक्रमण व स्वास्थ्य अमला द्वारा सफाई कर अवैध ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से ठेला लगा यातायात बाधित करने वाले एंव गंदगी फैलाने वालो पर सख्त कार्यवाही करे। रानी सागर या तालाब के आस पास कचरा डालने या गंदगी फैलाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि दुकानदारो व ठेला खोमचा वालो को डस्टबिन का उपयोग करने समझाईस देवे। अपालन पर जप्ती एवं दण्डात्मक कार्यवाही करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहे एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा।



## एक नजर

### एक निवेश, बीमा सुरक्षा और पक्के रिटर्न का भरोसा

**रायपुर 16 जून।** मुंबई, आज के समय में लोग ऐसा निवेश चाहते हैं, जिसमें पैसे बढ़ने की संभावना भी हो, परिवार की सुरक्षा भी बनी रहे और भविष्य को लेकर भरोसा भी मिले। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि यह भारतीय जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा यूलिप है, जिसमें निवेश के साथ पहले से तय गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट भी मिलता है। यह प्लान उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जो एक बार निवेश करके लंबे समय तक निश्चिंत रहना चाहते हैं। इसमें ग्राहक को पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफकवर मिलता है और मैच्योरिटी पर फंड वैल्यू या गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट में से जो ज्यादा होगा, वही राशि दी जाती है। यानि निवेश बढ़ने का फायदा भी और न्यूनतम रिटर्न का भरोसा भी। उदाहरण के तौर पर, यदि 45 वर्ष का कोई व्यक्ति 5 लाख रुपए का एकमुश्त निवेश करता है, तो वह 6.25 लाख रुपए का लाइफकवर चुन सकता है। ऐसे में, उसे 7 लाख रुपए का गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस के चीफप्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा, आज ग्राहक ऐसे विकल्प चाहते हैं, जो सुरक्षा, गारंटीड रिटर्न और टैक्स के लिहाज से बेहतर फायदे एक साथ दें। आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर सिक्योर इसी सोच के साथ तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को निवेश और सुरक्षा दोनों का लाभ मिल सके। कंपनी के अनुसार यह प्लान शुरुआती प्रीमियम के 140 प्रतिशत तक गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट देता है। साथ ही इसमें प्रीमियम एलोकेशन चार्ज और पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन चार्ज शून्य रखा गया है, जिससे ग्राहकों का अधिक पैसा निवेश में काम करता है।

### इंटर कनेक्शन करने के कारण कंचनबाग टंकी से 17 जून सुबह पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

**राजनांदगांव 16 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लखोली क्षेत्र में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिए इंटर कनेक्शन किया जा रहा है। इंटर कनेक्शन के कारण कंचनबाग टंकी (क्षमता 13.50 लाख लीटर) से दिनांक 17 जून 2026 दिन बुधवार को सुबह के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 18 जून गुरूवार सुबह से पानी सप्लाई यथावत रहेगी। इंटर कनेक्शन के कारण कंचनबाग टंकी सप्लाई क्षेत्र कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशर नगर, जनता कालोनी,राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक, बैगापारा, अटल आवास, शांति विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली क्षेत्र में 17 जून बुधवार की सुबह को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 18 जून गुरूवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

### पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर 17 से

**तिल्दा नेवरा 16 जून।** संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नेवरा के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में 17 जून 2026 से 21 जून 2026 तक पॉच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन क्षत्रिय मनवा कुर्मी भवन तुलसी (तिल्दा- नेवरा) में आयोजित किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग शिविर का लाभ प्राप्त करें एवं सरकार की इस आरोग्यकारी योजना में अपना सहयोग प्रदान करें।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात स्कूल खुलने पर सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक निर्देश

**बलौदाबाजार 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जिले के समस्त स्कूल पुनः प्रारंभ हो रहे हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस संबंध में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की ओर से समस्त स्कूल प्राचार्यों एवं स्कूल प्रबंधन से निम्नलिखित सहयोग की अपेक्षा हैः- सुरक्षा कर्मियों की तैनातीः स्कूल के मुख्य गेट पर अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात रखें और आने-जाने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का रिकॉर्ड (रजिस्टर में) दर्ज करें। CCTV कैमरों की जांचः स्कूल परिसर और मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे सभी ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच कर लें कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं। यातायात प्रबंधनः स्कूल खुलने और बंद होने के समय गेट के बाहर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दें, ताकि बच्चों को परेशानी न हो। संदेहास्पद गतिविधि की सूचनाः स्कूल परिसर के आस-पास किसी भी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु या व्यक्ति दिखने पर तुरंत स्थानीय पुलिस थाने या कंट्रोल रूम को सूचित करें।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग से मिलेगा मार्गदर्शनः रमन सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष ने इस नवाचार के लिए पुलिस विभाग की पूरी टीम को दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 16 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पुलिस लाइन राजनांदगांव में आयोजित पहल कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए स्थापित निःशुल्क पहल अध्ययन कक्ष का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस द्वारा समाज से सीधे जुडने और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल एक अभिनव और प्रेरणादायी प्रयास है। उन्होंने युवाओं के लिए पुलिस लाइन में निःशुल्क अध्ययन कक्ष, कोचिंग सुविधा एवं मेंटरशिप कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नव नियुक्त निरीक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुस्तक वितरण एवं अध्ययन संसाधनों की उपलब्धता से युवाओं को लाभ मिलेगा तथा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को इस पहल से जोड़ा जाएगा। उन्होंने इस नवाचार के लिए पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस मॉडल को प्रदेश के अन्य जिलों में भी अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में अपराध मुक्त ग्रामों के प्रतिनिधियों, कोटवारों एवं यातायात मित्रों का सम्मान किया तथा उनके नाम से पौधरोपण भी किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिले के 164 ग्रामों द्वारा वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 के दौरान अपराध मुक्त रहने का उदाहरण प्रस्तुत करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह सफलता केवल पुलिस विभाग की नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं प्रशासन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त ग्रामों के नाम से किया गया वृक्षारोपण एक सकारात्मक संदेश देता है तथा भविष्य में और अधिक ग्राम इस दिशा में आगे आएं, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले नागरिकों तथा यातायात मित्रों का सम्मान समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कोटवारों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों की सुरक्षा एवं सूचना तंत्र को मजबूत बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत की प्राचीन ग्राम व्यवस्था में कोटवार और सरपंच जैसी व्यवस्थाएं सदियों से सामाजिक सुरक्षा एवं सुशासन की आधारशिला रही हैं।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस द्वारा युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं रीडिंग रूम की सुविधा उपलब्ध कराना एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा तथा पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कोटवारों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांवों में शासन की योजनाओं एवं सूचनाओं को लोगों तक पहुंचाने, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन को सहयोग देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। सांसद श्री पाण्डेय ने अपराध मुक्त ग्रामों, यातायात मित्रों एवं कोटवारों के सम्मान को सकारात्मक पहल बताते हुए इसके लिए पुलिस विभाग को बधाई दी। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस द्वारा शुरू की गई यह पहल केवल विद्यार्थियों के लिए कोचिंग एवं अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं सकारात्मक संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने अपराध मुक्त ग्रामों, कोटवारों एवं यातायात मित्रों के सम्मान को सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देते है।

पुलिस महानिरीक्षक श्री बालाजी राव ने कहा कि पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास का मजबूत सेतु बनाकर ही सामाजिक विकास को गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए शुरू किए गए पहल रीडिंग रूम, कोचिंग एवं मेंटरशिप कार्यक्रम को प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# एलएलएम की स्वीकृति पर नांदगांव शिक्षा मंडल कार्यकारिणी ने रमन सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव , 16 जून।** पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में एल एल एम की कक्षाओं हेतु स्वीकृति तथा विधि की कक्षाओं में सीट बढ़ाए जाने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का अभिनंदन किया गया । कार्यकारिणी सदस्यों ने आज उनसे मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके अविस्मरणीय सहयोग के लिए साधुवाद दिया। नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में नवीन सत्र से एल एल एम की कक्षाएं संचालित की जाएंगी । नांदगांव शिक्षा मंडल का विधि के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन का सपना साकार करने में अहम भूमिका क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की रही है । आज नांदगांव शिक्षा मंडल का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष सुरेश एच लाल के नेतृत्व में कमलेश उभरानी , नंदकुमार अग्रवाल , सुशील पसारी , किशोर बेलावाला , अशोक चौधरी , प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा तथा प्रशासक डॉ.आर एन सिंह ने उनसे मिलकर सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया । डॉ .रमन सिंह का अभिनंदन कर नांदगांव शिक्षा मंडल ने भविष्य में इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की ।

# 18 जून को टाउन हाल में स्वनिधि महोत्सव

■ **वेंडर्स को निजी व्यवसाय करने ऋण लेने महापौर ने की अपील**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 जून।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने ऋण देने शासन निर्देशानुसार स्वनिधि महोत्सव आयोजित किये जाने की कडी में नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित पार्षदो की उपस्थिति में 18 जून गुरूवार को टॉउन हाल सभागृह में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। महोत्सव में पीएम स्वनिधि योजना के तहत वाणिज्यिक बैंको एंव वेंडर्स की उपस्थिति में नये आवेदन ऑनलाईन कराने के साथ साथ बैंको में लंबित प्रकरणो की स्वीकृति एवं वितरण किया जायेगा।

स्वनिधि महोत्सव के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओ, शहरी गरीबो एवं असंगठित श्रमिको को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तीकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभो से जोडना है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है। स्वनिधि महोत्सव के लिए आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियो व कर्मचारियो को दायित्व सौपा है। महोत्सव में वेंडर्स के अलावा विभिन्न बैक के लोग बैंको में लंबित प्रकरणो पर स्वीकृति एवं वितरण के लिए उपस्थित रहेगे।

महापौर श्री यादव ने वेंडर्स/व्यवसायियो को ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन करने आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक, राशन कार्ड आदि दस्तावेज सहित मोबाईल फोन के साथ निर्धारित तिथि 18 जून को टाउन हॉल में उपस्थित होकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# अवैध पाइपलाइन, जलाशय पर अतिक्रमण, जल संरक्षण बना मजाकः रूपेश दुबे

■ **न्यू बायोलुक के पानी के खेल पर अपराध दर्ज करे प्रशासनः कांग्रेस**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 16 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने जल संसाधन विभाग पर अवैध रूप से न्यू बायो लुक फ्यूल्स को अवैध पानी देने का संरक्षण का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले की जनता को निस्तार व पेयजल की भीषण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं छ ग की भाजपा सरकार के संरक्षण में उद्योग को अवैध पानी देने का खेल जारी है न्यू बायो फ्यूल्स कंपनी के द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी परिवहन किस नियम शर्तो एवं कहां से किया जा रहा है उसकी विस्तृत जांच की मांग सी एस आई डी सी एवं तत्कालिक कार्यवाही की मांग कलेक्टर से की है । प्रवक्ता दुबे ने बताया कि न्यू बायो लुक कंपनी को जल संसाधन विभाग के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए बिना जिला जल समिति, जल बोर्ड या उच्च अधिकारियों से बिना अनुमति एकतरफा कार्रवाई करते हुए 20/1/ 2025 को प्रतिदिन 1 एम एल पी डी इंदावानी व कोपडीह जलाशय से पानी देने का अनुबंध कर दिया गया था और उसके बाद लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस अवैध अनुबंध के आधार पर सड़क के किनारे पाइपलाइन बिछाने की अनुमति दे दी गई थी उसके पश्चात न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी ने इंदावानी जलाशय के डूबान क्षेत्र की शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा किया जो जल संसाधन विभाग के 26/ 4/ 2025 के पत्र से प्रमाणित है और 15 दिवस की भीतर हटाने की नोटिस तो दी गई किंतु जल संसाधन विभाग की संरक्षण के चलते कंपनी ने ना तो कब्जा हटाया बल्कि प्रशासन को बौना साबित करते हुए न्यू लुक बायोफ्यूल अपनी हठधर्मिता पर कायम रहा और आए दिन आम जनता के विरोध के बाद भी उसे भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ हैं अब तो स्थिति यह हो गई है कि प्रतिदिन उक्त कंपनी तेज वाहन चलवाकर पानी का परिवहन कराना प्रारंभ कर दिया है जो गंभीर दुर्घटना को अंजाम देने की नीयत है ऐसी दशा में यह जांच का विषय है कि कंपनी को पानी किनके द्वारा प्रदान किया जा रहा है यदि निजी व्यक्तियों के द्वारा पेयजल के पानी को कंपनी को दिया जा रहा है तो वह भी गंभीर आपराधिक कृत्य है ऐसी दशा में कंपनी के द्वारा पानी के खेल की जांच कर कर कंपनी पर अपराध दर्ज करने की मांग कलेक्टर से की गई है।

# कलेक्टर ने दिव्यांग लव कुमार को दी व्हील चेयर, पेंशन व आयुष्मान कार्ड भी बनेगा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,16 जून।** जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजन एवं बुजुर्गो को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को दिव्यांग बालक लव कुमार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से एक व्हील चेयर प्रदान किया। कलेक्टर श्री शर्मा दतान( ख ) निवासी दिव्यांग लव कुमार पिता रविशंकर निषादशहद को पेंशन प्राप्त नहीं होने और आयुष्मान कार्ड नहीं बनने की जानकारी पर पेंशन और आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश अधिकारियो को दिये।इसके साथ ही लव कुमार के माता -पिता का भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। लव कुमार कें पिता रविशंकर ने बताया कि उनके पुत्र लव कुमार बचपन से ही दिव्यांग और मानसिक रूप से अस्वस्थ है। व्हील चेयर मिलने से अब लाने -ले जाने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने तत्काल सहायता मिलने पर शासन - प्रशासन का आभार जताया।

### प्रशासन की पहल से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में जगी शिक्षा की अलख

**बलौदाबाजार 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पुर्नवास हेतु जिला प्रशासन द्वारा मनोविकास केंद्र संचालित की ज रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा एवं पुनर्वास की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मनोविकास केन्द्र में थैरेपी सेवाएं प्राप्त कर रहे 23 दिव्यांग बच्चों का पुनः सामान्य विद्यालयों में नामांकन कराया गया है जिससे बच्चे अब शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़कर जीवन में आगे बढ़ेंगे। ये बच्चे विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं विकासात्मक कारणो से विद्यालयीन शिक्षा से वंचित हो गये थे या स्कूल नहीं जा पा रहे थे। विशेष शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन के निरंतर सहयोग से इन बच्चों को उनकी संबंधित कक्षाओं में पुनः प्रवेश दिलाया गया। सभी दिव्यांग विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त की है। यह सफलता इन बच्चों के शैक्षणिक जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# गौरी गणेश स्पंज आयरन प्लांट ने सीएसआर से बदली मढ़ी गांव की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा नेवरा 16 जून।** तिल्दा विकासखंड के ग्राम मढ़ी में गौरी गणेश स्पंज आयरन प्लांट अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानी सीएसआर के तहत गांव के चौतरफा विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। प्लांट प्रबंधन शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण और सामुदायिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है, जिसका सीधा असर ग्रामीणों के जीवन स्तर पर दिख रहा है।

प्लांट द्वारा गांव के प्रमुख जल स्रोत धोबा तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया है। तालाब के घाटों की मरम्मत कराई गई और पूरे परिसर की सफाई की गई। इसके बाद यह स्थान अब ग्रामीणों के निस्तार के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों के लिए भी बेहतर बन गया है। तालाब के साफहोने से गांव में जल संरक्षण को बढ़ावा मिला है और भूजल स्तर में भी सुधार दर्ज किया गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी कंपनी ने अहम कदम उठाए हैं। ग्राम मढ़ी के हाई स्कूल परिसर में एक भव्य मुख्य द्वार का निर्माण कराया गया है, जिससे स्कूल की पहचान और भी मजबूत हुई है। साथ ही स्कूल भवन में नई खिड़कियां लगवाई गई हैं, जिससे कक्षाओं में रोशनी और हवा का आवागमन बेहतर हुआ है। बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्कूल में प्रार्थना शेड भी बनवाया गया है। इस शेड के बनने से अब धूप और बारिश के मौसम में भी प्रार्थना सभा आयोजित करने में कोई दिक्कत नहीं होती और बच्चों को खुले में खड़ा नहीं होना पड़ता।

सामुदायिक विकास के तहत ग्राम पंचायत भवन परिसर में चौपाल शेड का निर्माण कराया गया है। इस शेड के बन जाने से अब गांव की बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम और पंचायत के काम सुगमता से हो पा रहे हैं। पहले खुले में होने वाली बैठकों में मौसम की वजह से परेशानी होती थी, जो अब दूर हो गई है। इसके अलावा गांव के प्राचीन महामाया मंदिर का भी कंपनी द्वारा पुनर्निर्माण कराया गया है। मंदिर को नया और आकर्षक स्वरूप मिलने से ग्रामीणों की आस्था के इस केंद्र की रौनक लौट आई है।

प्लांट प्रबंधन के अनुसार सीएसआर मद से प्रत्येक वर्ष सात लाख रुपये से अधिक की राशि केवल ग्राम मढ़ी के विकास कार्यों पर खर्च की जाती है। इन कार्यों से गांव की बुनियादी सुविधाएं मजबूत हुई हैं और लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गौरी गणेश स्पंज आयरन प्लांट के सहयोग से गांव की तस्वीर बदल रही है। तालाब साफहोने से जहां पानी की समस्या कम हुई है, वहीं स्कूल की नई सुविधाओं से बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल मिला है।

प्लांट प्रबंधन ने बताया कि कंपनी आगे भी अपने सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता देते हुए ग्राम मढ़ी के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी गांव की जरूरत के अनुसार नए विकास कार्य कराए जाएंगे ताकि मढ़ी को एक आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जा सके।

TECHNOLOGIES FOR NEW INDIA@75
आजादी का अमृत महोत्सव
आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
भारत सरकार का उपक्रम
Unleashing Values
आज़ादी का अमृत महोत्सव

संदर्भ – विज्ञा 26-27/5 निविदा नोटिस दि. 10.06.2026 /Ref: ADVT.NO.26-27/5 TENDER NOTICE Date: 10.06.2026
IREL (India) Limited, Chavara invites Bid for the following items / job descriptions.

| कार्य नं/ | काम/मद विवरण / |
| --- | --- |
| GEM/2026/B/7645202 | Excavation, heaping, stacking loading & transportation of mineral sand from Karithura/ Neendakara area to HUP yard at Chavara plant on zero moisture basis – For 120000 Tonne<br>Mechanical loading, transportation& levelling of tails sand from HUP/MSP tails yard to excavated pits at Karithura/Neendakara mining sites on zero moisture basis – For 25000 Tonne |

बिडुर निविदा फार्म http://irel.co.in http://gem.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। निविदा में कोई शुद्धिपत्र /विस्तार वेबसाइट में ही डाल सकते है।
http://gem.gov.in

ह. प्रधान, चवरा /

cbc48139/12/0006/2627

# भारत की सोच,जो है सभी के लिए है

भारत की मूल सोच कभी भी सीमित नहीं है,व्यक्ति या किसी समूह विशेष के लिए नहीं रही है। लोककल्याण की सोच रहीहै। यानी भला कुछ लोगों का नहीं होना चाहिए, भला होना चाहिए तो सभी का भला होना चाहिए। भारत जब लोककल्याण की बात करता है तो वह उसमें किसी को अलग नही करता है, भारत के लोककल्याण की सोच में सभी लोग आते हैं। कोई मित्र-शत्रु का भेद का ख्याल वहां पर नहीं किया जाता है। भारत के वसुधैव कुटुंबकम की मतलब ही यही होता है कि इस पृथ्वी पर रहने वाले लोग एक परिवार की तरह है। जिस तरह परिवार में सब अपने होते हैं, उसी तरह इस पृथ्वी पर भी सब अपने हैं। कुछ करना है तो पूरी पृथ्वी के बारे में सोचकर करना है।भारत की यही सोच उसे बड़े देशों से अलग करती है और बहुत कम देश ऐसे हैं जो भारत की तरह सोचरखते हैं। फ्रांस ऐसा ही एक ही देश है। भारत के पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान एआई को लेकर फ्रांस ने वही कहा है जो भाररत की सोच है, इससे फ्रांस की छवि भी भारत की तरह एक लोककल्याण की सोच रखने वाले देश की बनती है। अभी दुनिया में एआई यानी आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस के दो बड़े माडल है, एक अमरीकी माडल है,जो निजी कार्पोरेट के मुनाफे पर आधारित है। दूसरा चीनी माडल है जो सरकारी नियंत्रण पर आधारित है।इससे दुनिया का भला नहीं हो सकता क्योंकि दोनों का लक्ष्य अपने माडल के जरिए मुनाफा कमाना है और एआई के क्षेत्र में दबदबा बनाए रखना है। यानी उनके एआई का उपयोग कोई देश करना चाहेगा तो उसे बदले में पैसा देना पड़ेगा। उसके बाद देश की सुरक्षा को लेकर कई तरह का खतरा भी बना रहेगा। कोई देश अमरीका या चीन के एआई का उपयोग करता है तो उसकी कोई गारंटी नहीं है कि दोनों देश कब सेवा बंद कर देश को मुश्किल में डाल देंगे। एआई के दोनों माडल से लोककल्याण हो नहीं सकता है, इसलिए भारत केसाथ मिलकर फ्रांस एआई का एक ऐसा तीसरा माडल दुनिया के लिए बनाना चाहता है जो सभी देशों की सुविधा व भले के लिए है। पीएम मोदी देश के ऐसे नेता हैं जिन्होंने विश्व राजनीति में भारत की भूमिका को अहम बना रखा है यानी दुनिया के देशों का समय समय पर मोदी ने एहसास दिलाया है कि भारत ही ऐसा देश है जो मुसीबत में विश्व व कई देशों का काम आता है। चाहे तुर्की का भूकंप हो, गाजा में पीड़ितों की मदद हो,यूएन शांति सेना के जरिए देश में कहीं भी शांति स्थापना हो,पड़ोस में श्रीलंका,नेपाल,बांग्लादेश,मालदीव में किसी तरह की सहायता की जरूरत हो, भारत ने हमेशा सहायता की है। कोरोना के वक्त में जब कई देशों में लाखों लोगों की जान जा सकती थी तब किसी देश ने छोटे देशों की मदद नहीं की, भारत ने कई देशों को करोड़ो टीके भेजे ताकि वहां के लोगों की जान को बचाया जा सके। हाल ही में मालदीव में खसरा का प्रकोप होने पर भारत ने ही लोगो की जान बचाने के लिए फिर टीके भेजे हैं। पीए मोदी के नेतृत्व में भारत ने वसुधैव कुटुंबकम के विचार को विचार ही नहीं रहने दिया है, उसे व्यवहार में लागू भी करके दिखाया है। एआई की तीसरा जो माडल है वह वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बल देने वाला है। भारत इनोवेटस 2026 के कानक्लेव में पीएम मोदी ने जो कहा है वह उससे भारत की भूमिका आने वाले समय में विश्व में कितनी अहम होगी इसका पता चलता है। कानक्लेव में पीएम मोदी ने दुनिया को बताया कि आज का भारत पुराना भारत नहीं है, आज का भारत नया भारत है दोनों भारत का अंतर बताते हुए उन्होंने कहा कि एक दशक पहले तक भारत दुनिया में टेक्नालाजी एडाप्टर माना जाता था यानी दुनिया में कहीं कोई नई टेक्नालाजी आती थी तो वह टेकनालाजी मांगनेवाला देश था, दस साल बाद स्थिति यह है कि अब विश्व में भारत टेक्नालाजी प्रोवाइडर माना जा रहा है यानी किसी देश को टेक्नालाजी चाहिए तो भारत देने वाला बन रहा है। भारत से पहले भी देश में पीएम हुए हैं लेकिन भारत का गौरव जितना पीएम मोदी ने विश्व में बढ़ाया है, उतना किसी पीएम ने नहीं बढ़ाया है। कानक्लेव में उन्होंने दुनिया का सामे एआई फार आल का विजन रखा और अमरीका व चीन की तुलना में भारत को एक लोककल्याण के लिए काम करने वाले देश के रूप में पेश किया और साफ कर दिया कि भारत की सोच एआई फार आल की है। यानी भारत की सोच एआई को लेकर यही है कि एआई दो देशों की बपौती नहीं होनी चाहिए, आज एआई देशों के लिए जरूरी है तो वह सभी देशों को समान रूप से मिलनी चाहिए। भारत की दोस्ती का असर फ्रांस में दिखा है। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने भी कुछ विकसित देशों द्वारा एडवांस एआई माडल तक पहुंच सीमित करने की कोशिश की आलोचना की है और कहा है कि भारत व फ्रांस कोआपरेटिव व ओपन एआई और ओपन माडल में विश्वास रखते हैं यानी जो एआई की नई टेक्नालाजी सभी के लिए होना चाहिए। ज्ञात हो अमरीकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए दिग्गज कंपनी एंथ्रोपिक एआई के दो सबसे एडवांस माडल फेबल-5 व माइथोस-5 के विदेशी नागरिकों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। चाहे वह विदेशी अमरीका में ही क्यों ने रह रहा हो। सवाल उठता है कि फ्रांस को भारत के साथ आने की जरूरत क्यों पड़ी। वह भी चीन व अमरीका की तरह एआई का एडवांस माडल बनाकर पैसा कमा सकता था। हुआ यह है कि यूरोप के नेता अब वही सही नहीं मान रहे हैं जो अमरीका सही मानता है, यूरोप के नेता भी चाहते हैं कि दुनिया को दो गुटों में ही नहीं बंटे रहना चाहिए। एक तीसरा गुट भी होना चाहिए जो विश्व शांति व विश्व सुरक्षा व विश्व के भले की बात सोचे और उस पर अमल भी करे। जो देश अमरीका या चीन के साथ नहीं जाना चाहते वह तीसरा गुट हर क्षेत्र में बनाना चाहते हैं ताकि दुनिया में वही न हो जो दो देश चाहें, विश्व में वह भी हो जो सभी देशों के भले के लिए हो। ऐसा गुट भारत के नेतृत्व में आकार ले रहा है।यही पीएम मोदी की विश्व राजनीति में सबसे बड़ी सफलता है।

विशेष

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

श्री सीपी राधाकृष्णन



भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

**परिवर्तनकारी नेतृत्वः 4,366 दिन और आगे**-श्रीमान नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए श्रीमान नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा। इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।

साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

**विकास भी, विरासत भी: तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास**-समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। "विकास भी, विरासत भी" की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है। उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी "विकास भी, विरासत भी" की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुड़े रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है। इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं।भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है।इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने "एक मानवता" के नेक विचार को अपनाया था। "वसुधैव कुटुंबकम" की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है।

'काशी-तमिल संगमम' और 'सौराष्ट्र-तमिल संगमम' जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में 'सेंगोल' की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है।प्रधानमंत्री मोदी जी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

**निष्कर्ष**-हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को 'युग पुरुष' के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे 'युग पुरुष' के रूप में उभरे हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को 'विकसित भारत @ 2047' की ओर ले जाएगा।

**(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)**

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान और मन में नई उम्मीदें लेकर आ सकता है। आसपास का माहौल इतना सकारात्मक रहेगा कि आपका आत्मविश्वास खुद-ब-खुद बढ़ता महसूस होगा। कोई अच्छी खबर दिल को खुशी दे सकती है और आगे बढ़ने की नई प्रेरणा भी मिलेगी।

वृषभ आज का दिन सुकून और संतोष से भरा रहने वाला है। नौकरी या नए अवसर की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी मिल सकती है। पैसों के मामले में ईमानदारी और सही रास्ता चुनना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा.

**मिथुन** आज पैसों से जुड़े फैसलों में बहुत समझदारी दिखाने की जरूरत होगी। जल्दबाजी में लिया गया आर्थिक निर्णय बाद में परेशानी खड़ी कर सकता है। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

कर्क आज घर और रिश्तों में खुशियों की मिठास घुली रहेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम और समझदारी का सुंदर संतुलन बना रहेगा। जीवनसाथी को करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर का माहौल और खुशनुमा होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह से जुड़ी रुकावट किसी करीबी की मदद से दूर हो सकती है।

सिंह आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि और मजबूत होती नजर आएगी। लोग आपके काम और व्यवहार की सराहना करेंगे। हालांकि कोई बड़ी डील आखिरी समय में अटक सकती है, लेकिन धैर्य बनाए रखें, क्योंकि जल्द ही रास्ता निकल आएगा। लंबे समय से अटका काम पूरा होने से राहत महसूस होगी।

कन्या आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलती दिखाई देगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा और मन को सुकून मिलेगा। संतान के भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन सही योजना और समझदारी से स्थिति संभल जाएगी।

तुला आज अधूरे कामों को पूरा करने के लिए समय बेहद अनुकूल रहेगा। सेहत को नजरअंदाज न करें, खासकर पेट से जुड़ी समस्या परेशानी दे सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी मुश्किल महसूस हो सकती है, लेकिन लगातार मेहनत उन्हें सफलता दिलाएगी।

वृश्चिक आज पैसों और खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत होगी। बिना योजना के खर्च बढ़ सकते हैं, खासकर शौक और आराम से जुड़ी चीजों पर। घर की सजावट या नवीनीकरण का विचार भी मन में आ सकता है। माता की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें।

धनु आज हर काम में धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। पिता की सलाह आज आपके लिए मार्गदर्शक साबित हो सकती है। संतान की खुशी के लिए कोई नई चीज खरीदने का विचार मन में आ सकता है।

मकर आज का दिन नई शुरुआत और महत्वपूर्ण फैसलों का संकेत दे रहा है। आपकी समझदारी और विवेक आपको सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे। छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि वही आगे बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं।

कुंभ आज आपका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। आप अपने कामों को पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करेंगे। जरूरतमंद की मदद करके मन को अलग ही सुकून मिलेगा। परिवार की किसी समस्या को बातचीत और समझदारी से सुलझाने में आपकी अहम भूमिका रहेगी।

मीन आज सेहत को सबसे ऊपर रखना जरूरी होगा। छोटी-सी परेशानी को भी नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। कोई व्यक्ति मीठी बातों से आपको भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए नए लोगों पर तुरंत भरोसा करने से बचें। प्रॉपर्टी या जमीन से जुड़े काम करने वालों को कोई अच्छी कानूनी या सरकारी खबर मिल सकती है।

## सू- दोकू क्र.071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.070 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -071

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 070 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

# भारत की सेवा में विज्ञान के 12 वर्ष

डॉ. जितेंद्र सिंह

जब जम्मू के डोडा जिले की एक लैवेंडर किसान मौसम के पहले फूल तोड़ती है, तब वह विज्ञान नीति के बारे में नहीं सोचती। लेकिन सच यह है कि केंद्र शासित प्रदेश की बंजर पहाड़ियों को बैंगनी फूलों की सुगंधित खेती में बदलने के पीछे पिछले एक दशक में किया गया उद्देश्यपूर्ण और दूरदर्शी वैज्ञानिक निवेश ही है। यह ग्रामीण आजीविका में आई ऐसी क्रांति है, जिसकी शुरुआत एक प्रयोगशाला से हुई थी। असल में, भारत में पिछले बारह वर्षों की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का यही अर्थ है। विज्ञान केवल ज्ञान बढ़ाने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि वह हमारे नागरिकों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने वाली एक जीवंत और प्रभावशाली शक्ति बन गया है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पदभार संभाला, तब उन्होंने एक ऐसी सोच प्रस्तुत की जिसमें विज्ञान को केवल किसी विभाग का काम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मिशन माना गया। इसके बाद के वर्षों में इस दृष्टि ने ऐसे परिणाम दिए, जो एक पीढ़ी पहले असाधारण माने जाते। आज भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान उतार चुका है, पहली बार अपनी स्वदेशी एंटीबायोटिक विकसित कर चुका है, पुणे से पटना तक सुपरकंप्यूटर स्थापित कर चुका है और एक ऐसे अंतरिक्ष अर्थतंत्र का निर्माण कर चुका है जिसमें देशी स्टार्टअप्स तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उपलब्धियों की असली कहानी यह नहीं है कि हमने क्या हासिल किया, बल्कि यह है कि इन उपलब्धियों ने आम नागरिकों के जीवन को किस तरह प्रभावित किया। विज्ञान अब केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय विकास और नागरिक सशक्तिकरण का सबसे शक्तिशाली माध्यम बन चुका है।

किसानों का उदाहरण लें। भारतीय कृषि में मौसम हमेशा से सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। पिछले एक दशक में पृथ्वी अवलोकन (अर्थ ऑब्जर्वेशन) और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली में व्यापक सुधार किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप आज किसानों को सटीक और स्थानीय स्तर पर मौसम की जानकारी मिल रही है। यह केवल संभावनाओं पर आधारित अनुमान नहीं, बल्कि इतनी सटीक जानकारी है कि कोई किसान परिवार यह तय कर सकता है कि फसल आज काटनी है या कल तक इंतजार करना है। आज यदि बंगाल की खाड़ी में कोई चक्रवात बनता है, तो हमारी आधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणालियां तटीय समुदायों को कई घंटे, और कई बार कई दिन पहले ही सचेत कर देती हैं। इसका महत्व केवल आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता; इसका वास्तविक मूल्य उन अनगिनत जानों और आजीविकाओं में दिखाई देता है जो समय रहते बचाई जा रही हैं।

जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों और नदी घाटियों में विज्ञान ने "अरोमा मिशन" के रूप में दस्तक दी। इस कार्यक्रम के तहत किसानों को लैवेंडर की खेती से जोड़ा गया तथा उन्हें तकनीक, बेहतर बीज और बाज़ार तक पहुँच उपलब्ध कराई गई। जो पहल एक छोटे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई थी, वह आज भारत की "पर्पल रिवोल्यूशन" (बैंगनी क्रांति) के रूप में जानी जाती है। इसके माध्यम से हजारों किसान परिवार सुगंधित और औषधीय पौधों की खेती से सम्मानजनक आय अर्जित कर रहे हैं। इस समृद्धि के पीछे विज्ञान ने एक शांत लेकिन निर्णायक भूमिका निभाई है। इसी प्रकार के प्रयासों के तहत केसर की खेती का विस्तार, औषधीय जड़ी-बूटियों का उत्पादन और भारत में पहली बार हींग की खेती की शुरुआत की गई। इन पहलों ने साबित किया है कि यदि नवाचार जमीन से जुड़ा हो, तो वह किसी भी औद्योगिक तकनीक जितना परिवर्तनकारी हो सकता है।

विज्ञान के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण केवल कृषि तक सीमित नहीं रहा है। किफायती ग्रामीण आवास के लिए विकसित 3डी-प्रिंटेड घरों के मॉडल से लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों तक, तकनीक को उन समस्याओं के समाधान के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है जिनका सामना समाज के सबसे कमजोर वर्ग करते हैं।

कंप्यूटिंग, सेंसर तकनीक और इंजीनियरिंग को एक साथ जोड़ने वाले "राष्ट्रीय अंतःविषय साइबर-फिजिकल सिस्टम मिशन" के तहत देशभर में 25 टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों ने एक हजार से अधिक स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया है, जो सटीक कृषि, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर काम कर रहे हैं।

**भारत को स्वस्थ बनाना: जैव प्रौद्योगिकी की नई क्रांति**यदि कोई क्षेत्र भारतीय विज्ञान की परिवर्तनकारी शक्ति को सबसे प्रभावशाली ढंग से दिखाता है, तो वह जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा का क्षेत्र है। दशकों तक भारत की फार्मास्युटिकल ताकत मुख्य रूप से विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) तक सीमित रही। हम उन दवाओं के जेनेरिक संस्करण बनाते थे, जिनकी खोज दूसरे देशों में होती थी। अब यह कहानी बदल रही है। दशकों में पहली बार भारत में खोजी गई स्वदेशी एंटीबायोटिक "नैफिथ्रोमाइसिन" का विकास केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की घोषणा भी है। सरकार के सहयोग से शोधकर्ताओं और उद्योग जगत की साझेदारी से विकसित यह दवा इस बात का प्रमाण है कि भारत की प्रयोगशालाएँ अब केवल दवाएँ बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नई दवाओं की खोज और विकास के वैश्विक अग्रिम मोर्चे पर भी काम कर सकती हैं। यह वह क्षमता है जो दुनिया के केवल कुछ देशों के पास ही है। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि देश में हीमोफीलिया के लिए पहली सफल स्वदेशी जीन थेरेपी क्लीनिकल ट्रायल रही, जिसे वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में सम्पन्न किया गया। हीमोफीलिया एक ऐसी बीमारी है जिसके उपचार के लिए मरीजों को जीवनभर महंगे इलाज की आवश्यकता होती है। जीन थेरेपी की विशेषता यह है कि यह बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के बजाय उसके मूल आनुवंशिक दोष को ठीक करने का प्रयास करती है। आनुवंशिक रोगों के बड़े बोझ वाले भारत जैसे देश के लिए यह उपलब्धि बेहद महत्वपूर्ण है और भविष्य की चिकित्सा प्रणाली को बदलने की क्षमता रखती है।इसके साथ-साथ "जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट" के तहत भारत की विविध आबादी से जुड़े 10,000 से अधिक मानव जीनोम का अनुक्रमण किया जा चुका है। इससे देश में ऐसी वैज्ञानिक नींव तैयार हो रही है, जिसके आधार पर भविष्य में प्रत्येक व्यक्ति की जैविक संरचना के अनुसार व्यक्तिगत और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध कराए जा सकेंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत केवल बीमारियों का इलाज करने की दिशा में ही नहीं, बल्कि "व्यक्तिगत चिकित्सा" के उस युग की ओर बढ़ रहा है, जहां उपचार हर मरीज की आनुवंशिक विशेषताओं के अनुरूप होगा। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घरेलू जैव-चिकित्सा (बायोमेडिकल) क्षमता कितनी महत्वपूर्ण होती है। भारत की प्रतिक्रिया, अपने स्वयं के टीकों का विकास करना, उनका बड़े पैमाने पर उत्पादन करना और 1.4 अरब लोगों तक उन्हें पहुंचाना, हमारे जैव प्रौद्योगिकी तंत्र में वर्षों से किए गए निवेश का परिणाम थी।

इस सफलता के पीछे बॉयोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल(बीआईआरएसी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस संस्था ने बायोटेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने, शैक्षणिक शोध और व्यावसायिक उत्पादन के बीच की दूरी कम करने तथा वैज्ञानिक नवाचारों को आम लोगों तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया है।

आज भारत में जैव-उद्यमियों की एक नई पीढ़ी उभर रही है, जो प्रिसिजन मेडिसिन, टिकाऊ जैव-आधारित सामग्री और अगली पीढ़ी की डायग्नोस्टिक तकनीकों पर काम कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह नवाचार केवल अमेरिका की सिलिकॉन वैली तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के शहरों, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से भी उभर रहा है। इसी दिशा में जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परियोजना के तहत 10,000 से अधिक भारतीयों के मानव जीनोम का अनुक्रमण किया जा चुका है। भारत जैसी अत्यंत विविध आबादी वाले देश के लिए यह उपलब्धि भविष्य की चिकित्सा व्यवस्था की मजबूत वैज्ञानिक नींव तैयार कर रही है। इससे आने वाले समय में ऐसी स्वास्थ्य सेवाओं का मार्ग प्रशस्त होगा, जहाँ उपचार केवल बीमारी के आधार पर नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय की विशिष्ट आनुवंशिक संरचना के अनुसार तय किया जाएगा। अर्थात भारत व्यक्तिगत चिकित्सा के नए युग की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जहाँ हर मरीज को उसकी जैविक आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक सटीक और प्रभावी इलाज मिल सकेगा।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ता ने खुदकुशी की

**दुर्ग, 16 जून (तछसं.)।** दुर्ग जिले में सांसद विजय बघेल के समर्थक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली 20 साल पहले ग्राम सेलूद में तारेंद्र बंछोर ने उपसरपंच रहते हुए शिव मंदिर बनवाया था वहीं आज उसकी लाश मिली है मामला उतई थाना क्षेत्र का है बताया जा रहा है, तारेंद्र ने एक दिन पहले हार्डवेयर शॉप से रस्सी खरीदी थी वह पड़ोस में बर्सी कार्यक्रम में भी शामिल हुआ था तब तक वह नॉर्मल था आज फांसी लगाने से पहले उसने अपना मोबाइल अनलॉक कर दिया था, ताकि घर वाले परेशान न हों तारेंद्र भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता था वर्तमान में स्कूल समिति का अध्यक्ष था बताया जा रहा है वह लंबे समय से पेट से जुड़ी बीमारी से परेशान था उसे निमोनिया हो गया था फिलहाल पुलिस को अभी तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है सूचना मिलते ही सांसद विजय बघेल भी ग्राम सेलूद पहुंचे उपसरपंच रहते बनवाया था मंदिर जानकारी के मुताबिक, साल 2005 में तारेंद्र बंछोर सेलूद गांव में उपसरपंच बना था। तभी उसने बाजार चौक स्थित चारबांधा तालाब के पास शिव मंदिर बनवाया था। बताया जा रहा है, जिस चंपा के पेड़ में आज उसकी लाश मिली है वह पेड़ भी उसने ही लगाया था ग्रामीणों ने दिखी लाश ग्रामीणों ने मंगलवार (16 जून) सुबह मंदिर परिसर में तारेंद्र बंछोर का शव देखा तो तुरंत थाने में सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है पेट से जुड़ी बिमारी थी बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले तारेंद्र बंछोर की तबीयत खराब हुई थी जिस के बाद उसे हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। वह पेट से जुड़ी बीमारी से परेशान था इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर लौट आया था हालांकि, अभी तक सुसाइड की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है वर्तमान में तारेंद्र सेलूद स्थित शासकीय कन्या विद्यालय समिति का अध्यक्ष और सरस्वती शिशु मंदिर का अध्यक्ष था जांच में जुटी पुलिस उतई थाने पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है पुलिस रिश्तेदारों और ग्रामीणों से पूछताछ कर अलग-अलग पहलुओं की जांच कर रही है अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



### बस्तर बनेगा देश का सबसे विकसित संभाग होगा एक लाख करोड़ का निवेश:किरण देव

**जगदलपुर, 16 जून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य बस्तर को देश का सबसे विकसित जनजातीय संभाग बनाना है। इसके लिए आगामी वर्षों में क्षेत्र में लगभग एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का भरोसा बस्तर प्रवास के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुरक्षा और आत्मविश्वास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। अब उनकी इस प्राथमिकता में बस्तर भी शामिल हैं। 60 साल से माओवादी समस्या से जूझते बस्तर समेत पूरे देश से माओवादी हिंसा का अंत कर दिया गया है और अब देश के बाकी हिस्सों से विकास की दौड़ में पिछड़े बस्तर को मुख्यधारा में लाना हमारा लक्ष्य है। जनजातीय क्षेत्रों पर विशेष फोकस का उल्लेख करते हुए किरण देव ने कहा कि आदिवासी समाज के कल्याण के लिए केंद्र सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपये का बजट तथा 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' के लिए 79 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और उद्योग के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश की तैयारी है, जिससे रोजगार और विकास के नए अवसर पैदा होंगे। मीडिया संवाद में मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### केशकाल घाट में ब्रेक फेल होने पर ऑक्सीजन से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया

**कोंड़ागांव, 16 जून।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर स्थित केशकाल घाट में आज सोमवार को जगदलपुर से ओडिशा के झारसुगुड़ा जा रहा ऑक्सीजन से भरा टैंकर ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, टैंकर केशकाल घाट से गुजर रहा था। इसी दौरान घाट के दूसरे मोड़ पर वाहन के ब्रेक फेल हो गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और टैंकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से ऑक्सीजन का रिसाव शुरू हो गया। इसे देखकर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई।टैंकर चालक उदय ठाकुर ने बताया कि ब्रेक फेल होने के बाद उन्होंने तुरंत स्थिति को समझा और टैंक का सेफ्टी वाल्व खोल दिया। इससे ऑक्सीजन नियंत्रित तरीके से बाहर निकलती रही और टैंक के अंदर दबाव नहीं बढ़ा।

---

गरीब, किसान, महिला और युवाओं को प्राथमिकता, 12 वर्षों में बदली देश की तकदीर

# पीएम मोदी के 12 वर्ष पूरे: भाजपा ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की ऐतिहासिक उपलब्धियां गिनाईं




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को भाजपा अटल सदन कार्यालय बीजापुर में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी साझा की गई।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जगदलपुर महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ के मंत्र के साथ केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) व्यवस्था के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ी है और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है।प्रेसवार्ता में बताया गया कि पिछले 12 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण सड़कें, रेलवे, मेट्रो नेटवर्क, वंदे भारत ट्रेनें तथा हवाई अड्डों के विकास के साथ-साथ बिजली, इंटरनेट और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी हुआ है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच विकास का अंतर कम करने में मदद मिली है।वक्ताओं ने कहा कि भारत ने वैश्विक मंच पर भी अपनी सशक्त पहचान बनाई है। त्न20 शिखर सम्मेलन 2023 की सफल मेजबानी, आत्मनिर्भर भारत अभियान, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे प्रयासों ने देश की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, संगठन प्रभारी दीपेश अरोरा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, प्रवक्ता मथियास कुजूर, मीडिया प्रभारी प्रताप यादव, के जी सुधाकर, जागर लक्ष्मैया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और पत्रकारबंधु मौजूद रहे।

## श्री पुरुषोत्तम मास महोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा,16 जून।** नगर के श्री गोपाल पंचायती मंदिर, सदर बाजार में पावन पुरुषोत्तम मास महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी पूरे मास भर विभिन्न मनोरथों, उत्सवों एवं लीलाओं का आयोजन किया गया, जिनमें नगर के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

पुरुषोत्तम मास के 28वें दिवस पर ÷ब्यावला बधाई उत्सव का आयोजन संगीता बजरंग चौरसिया, नीतू शरद गुप्ता, , दीपाली लक्ष्मी गुप्ता, श्वेता अमरनाथ गुप्ता द्वारा किया गया।उत्सव में उस अलौकिक क्षण की भावपूर्ण झांकी प्रस्तुत की गई, जब विवाह के पश्चात श्री राधारानी अपने प्रियतम श्रीकृष्ण के साथ गृह आगमन करती हैं। मान्यता है कि जब ब्रज की लाड़ली किशोरीजी नववधू बनकर आती हैं, तब संपूर्ण ब्रज उनका स्वागत करने उमड़ पड़ता है। गलियां सज जाती हैं, आंगन महक उठते हैं, मंगल गीत गूंजने लगते हैं और प्रत्येक हृदय आनंद से भर जाता है।ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं बरसाना और वृंदावन भाटापारा की धरती पर उतर आए हों। भक्तजन पुष्पवर्षा कर रहे थे, सखियां मंगल गान गा रही थीं और हर कोई अपनी प्रिय राधारानी की एक झलक पाने को आतुर था। जिस प्रकार एक बेटी के ससुराल से लौटने पर घर-आंगन खिल उठता है, उसी प्रकार राधारानी के स्वागत में प्रेम और वात्सल्य की अविरल धारा बह रही थी। अनेक श्रद्धालुओं की आंखें भावविभोर होकर नम हो गईं।कार्यक्रम में सुसज्जित राधा-कृष्ण झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सखियों ने भक्ति रस से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। संगीता चौरसिया एवं नीतू गुप्ता द्वारा गाए गए मधुर एवं भावपूर्ण भजनों ने ऐसा वातावरण निर्मित कर दिया उत्सव के अंत में बधाई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## किरंदुल में तीसरे दिन भी जारी रही बैलाडीला ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन की हड़ताल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 16 जून ।** जिले के किरंदुल क्षेत्र में बैलाडीला ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। अपनी विभिन्न आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी मांगों को लेकर सैकड़ों चालक किरंदुल रिंग रोड क्रमांक 4 पर स्थित संगठन कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे हुए हैं। तीन दिन बीत जाने के उपरांत भी प्रबंधन या ठेकेदारों की ओर से मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने के कारण हड़ताली चालकों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। चालकों के इस सामूहिक आंदोलन के कारण राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (ह्रस्रष्ट) की किरंदुल परियोजना, बचेली परियोजना तथा कड़मपाल स्थित निजी इस्पात संयंत्र की परियोजनाओं में होने वाला लौह अयस्क लदान और परिवहन कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है।ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी प्रमुख मांगों को दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमान के अनुसार चालकों को प्रतिदिन 1038 रुपये की मजदूरी दी जाए। इसके अतिरिक्त निर्धारित समय से ज्यादा काम करने पर ओवरटाइम का उचित भुगतान, भविष्य निधि (क्क्र), स्वास्थ्य बीमा तथा वार्षिक बोनस जैसी अनिवार्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। संगठन का साफ कहना है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा।उल्लेखनिय है कि शनिवार शाम बचेली के अनुविभागीय दंडाधिकारी की उपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारियों, मालगाड़ी प्रबंधन और चालक संगठन के पदाधिकारियों के बीच एक त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दी गई समझाइश के बाद चालक संगठन ने बीच का रास्ता निकालते हुए केवल एक मालगाड़ी रैक को खाली कराने पर अपनी सहमति जताई। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में केवल रैक क्रमांक 13 को ही खाली करने की छूट दी जाएगी। इसके बाद भी यदि उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक और लिखित निर्णय नहीं लिया गया, तो मुख्य हड़ताल अनवरत जारी रहेगी।

### शैक्षणिक संस्थानों की बसों एवं अन्य वाहनों की 19 एवं 20 जून को होगी जांच

**जगदलपुर, 16 जून ।** सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा कॉलेज, आईटीआई एवं स्कूलों के बसों की जांच शिविर आगामी 19 एवं 20 जून को प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुरंदी रोड आड़ावाल जगदलपुर में आयोजित की गई है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 17 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 जून।** बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक भव्य और गरिमामय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंत्रोच्चार और शहनाई की गूंज के बीच कुल 17 जोड़े सदा-सदा के लिए एक-दूसरे के साथ दाम्पत्य सूत्र में बंध गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव ने नवविवाहित जोड़ों के ऊपर अक्षत और पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखी और समृद्ध दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस विवाह समारोह की सबसे अनूठी और गौरवशाली विशेषता यह रही कि इसमें पुनर्वासित 2 विशेष जोड़े भी शामिल हुए। नारायणपुर जिले में आत्मसमर्पण करने वाले इन पूर्व नक्सली दंपत्तियों में पिलसाय सलाम संग सिरबत्ती और पतिराम संग मनाय कश्यप शामिल हैं, जिन्होंने गृहस्थ जीवन अपनाकर समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

## विधानसभा का मानसून सत्र होगा जोरदार:भूपेश




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होने जा रहा है जिस के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है पांच दिनों तक चलने वाले इस सत्र को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं विपक्ष ने सरकार को खाद संकट, महंगाई, बिजली दरों में बढ़ोतरी समेत कई जनहित के मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मानसून सत्र को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि यह सत्र धमाकेदार होगा और विपक्ष जनता से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाएगा पांच दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल पांच बैठकें आयोजित होंगी सत्र के दौरान प्रश्नकाल, शासकीय कार्यों और वित्तीय मामलों से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी वहीं सत्र की घोषणा के साथ ही प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई है कांग्रेस ने मानसून सत्र को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि विपक्ष किसानों, आम जनता और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा उन्होंने खाद की उपलब्धता, बढ़ती महंगाई और अन्य जनसमस्याओं को लेकर सरकार को घेरने की बात कही भूपेश बघेल ने बिजली टैरिफ में बढ़ोतरी को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा। उनका कहना है कि बिजली दरों में वृद्धि का सीधा असर आम उपभोक्ताओं, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों पर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के फैसलों का अतिरिक्त आर्थिक बोझ जनता को उठाना पड़ रहा है मानसून सत्र भले ही केवल पांच दिनों का हो, लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और राजनीतिक टकराव देखने को मिल सकता है। विपक्ष जहां जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है, वहीं सरकार भी अपने कामकाज और योजनाओं का पक्ष मजबूती से रखने की तैयारी में जुटी है।

## विधानसभा सत्र 13 से 18 जुलाई तक




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** सेवा सदन दुर्ग पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कई अहम मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे डॉ रमन सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 से 18 जुलाई तक आयोजित होगा जिसमें कुल पांच बैठकें होंगी उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े प्रश्न ध्यानाकर्षण, स्थगन प्रस्ताव और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी तथा मंत्रीगण सभी सवालों का समुचित जवाब देंगे ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति वार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि यदि दोनों देशों के बीच शांति स्थापित होती है तो इसका सकारात्मक असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था काफी हद तक पेट्रोलियम पर निर्भर है युद्ध समाप्त होने और आवागमन सामान्य होने से कच्चे तेल की कीमतों में कमी आएगी जिस से भारत समेत दुनिया की अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी वहीं कांग्रेस के एक मंत्री द्वारा महात्मा गांधी की तुलना राहुल गांधी से किए जाने के बयान पर डॉ रमन सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की उन्होंने कहा महात्मा गांधी की तुलना किसी से नहीं हो सकती और राहुल गांधी जैसे व्यक्ति से उनकी तुलना करना महात्मा गांधी का अपमान है।

## जबरन नसबंदी का शिकार आत्मसमर्पित नक्सलियों की सर्जरी करने वाले डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 16 जून ।** बस्तर संभाग में मुख्यधारा में लौट रहे पुनर्वासित (आत्मसमर्पित नक्सली) लाभार्थियों को एक सामान्य और खुशहाल पारिवारिक जीवन प्रदान करने की दिशा में बस्तर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा मानवीय पहल की गई है। दीर्घकालिक हिंसा से पीड़ित और सक्रिय रहने के दौरान जिन पुरुषों को संगठन के दबाव में जबरन नसबंदी का शिकार होना पड़ा था। उन्हें पुनः संतान सुख का अधिकार दिलाने के लिए जगदलपुर के महारानी अस्पताल में एक विशेष निःशुल्क रिवर्स वासेक्टॉमी/रीकैनालाइजेशन सर्जिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह अनूठा चिकित्सा शिविर बस्तर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग (बस्तर संभाग) के संयुक्त तत्वावधान तथा यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (वेस्ट जोन) के देश के शीर्ष विशेषज्ञ सर्जनों के तकनीकी सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। आईजी बस्तर और महारानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा आए हुए सभी विशेषज्ञ सर्जनों को बस्तर की अनूठी कला और संस्कृति से जुड़े विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कर्मचारियों का सम्मानः महारानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और योगदान देने वाले सभी जमीनी कार्यकर्ताओं व स्टाफ को इस ऐतिहासिक कैंप की स्मृति में मोमेंटो प्रदान किया गया।




शिविर के दौरान यूरोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुकरेजा ने इस पूरी मुहिम के चरणों और सफलताओं के महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया किः सफलता के दो चरणः इस मानवीय मिशन के प्रथम चरण में कुल 33 सफल और सुरक्षित सर्जरीज की गई थीं। वहीं, वर्तमान में आयोजित इस द्वितीय चरण में 40 और सफल सर्जरीज को सुरक्षित तरीके से अंजाम दिया जा चुका है। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, ÷यह प्रयास बस्तर में नया नहीं है। इससे पहले भी किए गए ऐसे सर्जिकल प्रयासों के सफल परिणाम आए हैं और कई आत्मसमर्पित परिवारों के घरों में नन्ही किलकारियां गूंज चुकी हैं, जिससे उन्हें अपना परिवार आगे बढ़ाने का सौभाग्य मिला है।÷ इसके साथ ही आईजी ने बस्तर संभाग की ओर से सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों और सहायक स्टाफ का आभार व्यक्त किया और मेहमान डॉक्टरों को बस्तर की समृद्ध पर्यटन विरासत से भी संक्षेप में अवगत कराया। बस्तर जिले के एसपी शलभ सिन्हा सर ने इस कैंप की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए एक बेहद भावुक करने वाली सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया किः ÷हाल ही में एक आत्मसमर्पित नक्सली, जिसकी पहले रिवर्स वासेक्टॉमी की गई थी, वह वर्तमान में एक बच्ची का पिता बना है, यह इस मुहिम की सबसे बड़ी सफलता है।

### सरकार से नहीं, पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हमारी लड़ाई: मनीष गुप्ता

**जगदलपुर।** हमारी लड़ाई सरकार से नहीं, बल्कि पत्रकारों के हितों और उनकी सुरक्षा की रक्षा के लिए है। यह बात बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने पत्रकार सुरक्षा कानून को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग को लेकर आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के दौरान कही।बस्तर जिला पत्रकार संघ के बैनर तले सोमवार को जगदलपुर में आयोजित इस धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। आंदोलन के माध्यम से पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक, 2023 को पूर्ण रूप से अधिसूचित कर प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग उठाई।

# मंत्री केदार कश्यप ने 18 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 जून।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता एवं परिवहन एवं संसदीय कार्य विभाग तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने बीजापुर जिले को 18 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 14वें चरण का शुभारंभ करते हुए 16 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक लागत के साथ विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 2 करोड़ 9 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



### 16.58 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन

भूमिपूजन किए गए प्रमुख कार्यों में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत भैरमगढ़ ब्लॉक के मिरतुर एवं बेदरे में अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए 51-51 लाख रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण, उसूर में 59 लाख रुपये की लागत से वरिष्ठ कृषि अधिकारी भवन निर्माण, आवापल्ली एवं कुटरू में शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 4.65-4.65 करोड़ रुपये, शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 1.30 करोड़ रुपये तथा दुगईगुड़ा से चिंताकोंटा तक पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य के लिए 4.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति शामिल है।लोकार्पित कार्यों में जिला अस्पताल परिसर में 48.17 लाख रुपये की लागत से रैन बसेरा, 21 लाख रुपये का दाल-भात सेंटर, अटल आरोग्य लैब जिसमें प्राईवेट अस्पताल जैसे अत्याधुनिक जांच कुल 134 प्रकार के हो सकेंगे। कार्यालय सह गोदाम निर्माण, विद्यालय भवन निर्माण, पंचायत भवन, पुलिया निर्माण तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में तार फेंसिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

### हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की स्वामित्व योजना के तहत वनाधिकार पट्टों का वितरण किया गया। वहीं निष्क्षय योजना के अंतर्गत पोषण आहार फूड बॉक्स, पुनर्वासित परिवारों को आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं को जच्चा-बच्चा कार्ड तथा दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि एक समय था जब बीजापुर जैसे क्षेत्रों में आने-जाने में भय का माहौल रहता था और विकास कार्यों को आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं और क्षेत्र में विकास की नई धारा बह रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई है और आज बस्तर संभाग सहित बीजापुर जिला नक्सलमुक्त हुआ। जिससे दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों तक विकास पहुंच रहा है। अब वे क्षेत्र, जहां पहले जाना भी मुश्किल था, वहां आज सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजापुर के विकास की यात्रा पंचायत मुख्यालय से शुरू होकर जिला मुख्यालय तक पहुंच चुकी है, जो क्षेत्र की प्रगति का प्रमाण है। कश्यप ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए संचालित योजनाएं, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा उज्ज्वला योजना जैसी पहलें समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा बीजापुर आने वाले वर्षों में विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुए। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, कलेक्टर विश्वदीप, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, डीएफओ डॉ. सागर यादव, उप निदेशक इन्द्रावती संदीप बल्गा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, उप संचालक जनसंपर्क दिनेश नेताम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

परीक्षा की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# 21 जून को रायगढ़ में होगी नीट यूजी की परीक्षा, जिले में बनाए गए 8 परीक्षा केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जून।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाली एनईईटी (G) 2026 की पुनः परीक्षा की सुचारू संचालन को लेकर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने परीक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने परीक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं परीक्षा को लेकर मिले निर्देशों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परीक्षा प्रबंधन, सुरक्षा, परिवहन, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 2682 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा पीडब्लूडी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजकर 20 मिनट तक समय निर्धारित है।



बैठक में परीक्षा के दौरान समय पालन को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षार्थियों को दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष परिवहन व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड और रायगढ़ रेलवे स्टेशन से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए विशेष बस सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, कूलर, पंखे, प्रकाश एवं बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दिन परिवहन व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहे, ताकि दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए जाएं, जिससे परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या अनधिकृत प्रवेश पर विशेष नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि परीक्षा से एक दिन पहले 20 जून को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉक ड्रिल में परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी नोडल अधिकारी, केंद्र प्रभारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके माध्यम से परीक्षा संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया का परीक्षण किया जाएगा तथा संभावित चुनौतियों का पूर्व आकलन कर उनका समाधान किया जाएगा। बैठक में एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, नीट नोडल अधिकारी श्री पवन अग्रवाल, सभी केंद्रों के केंद्राध्यक्ष, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 16 जून ।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 03 दिसम्बर 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस संबंध में पात्र दिव्यांगजन एवं संबंधित श्रेणियों के योग्य आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन प्रक्रिया 15 मई 2026 से प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in पर निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन एवं नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।राष्ट्रीय पुरस्कारों का उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन, आत्मनिर्भरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों, संस्थाओं, नियोक्ताओं एवं संगठनों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है। यह पुरस्कार दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके योगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। समाज कल्याण विभाग ने जिले के पात्र दिव्यांगजनों, संस्थाओं एवं संबंधित श्रेणियों के योग्य आवेदकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है। इच्छुक आवेदक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर जाकर विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता की शर्तें एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। विभाग ने अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### नीट यूजी परीक्षा के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित, 24 घंटे मिलेगी सहायता

**रायगढ़, 16 जून।** नीट यूजी 2026 के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार परीक्षा संबंधी शिकायतों, सूचनाओं एवं आवश्यक समन्वय के लिए यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में कक्ष क्रमांक-42 में नियंत्रण कक्ष संचालित किया जा रहा है। इसके लिए दूरभाष क्रमांक 07762-223750 जारी किया गया है, जिस पर अभ्यर्थी, पालक एवं आम नागरिक परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा आवश्यक शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

नियंत्रण कक्ष के निर्बाध संचालन के लिए 22 जून 2026 तक नगर सैनिकों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम एवं द्वितीय पाली में कर्मचारियों की तैनाती कर चौबीसों घंटे निगरानी और सूचना संप्रेषण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जारी आदेश में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री अंशुल देवांगन को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं परीक्षा से संबंधित शिकायतों एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी श्री पवन अग्रवाल एनटीए तथा प्रशासनिक नोडल अधिकारी श्री धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए समयबद्ध निराकरण के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जून।** जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुआवजा, मजदूरी भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, भूमि सीमांकन, अतिक्रमण और वन अधिकार पट्टा सहित जनहित से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए।

जनदर्शन के दौरान ग्राम बड़गांव की लताबाई ने सड़क दुर्घटना में पति की मृत्यु के छह माह बाद भी आर्थिक सहायता राशि नहीं मिलने की समस्या रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को शीघ्र कार्रवाई कर पात्र सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम कंवरिहा के हलधर पटेल ने नहर निर्माण के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक भूमि उपयोग किए जाने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए। ग्राम साल्हेओना के नंदलाल साव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। जनदर्शन में ग्राम पंचायत रेगड़ा के वार्ड क्रमांक-2 के पार्षद ने सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृत राशि के कथित दुरुपयोग की शिकायत करते हुए सड़क निर्माण कराने की मांग की। कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम काशीचुवां की ताराबाई साहू ने ईंट-भट्ठे में कार्य करने के बावजूद मजदूरी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त, फसल मुआवजा, विद्युत लाइन विस्तार, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, भूमि सीमांकन तथा वन अधिकार पट्टा से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में सीएमएचओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 16 जून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के आरोग्यम् सभाकक्ष में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत ने की।

बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीईटीओ, बीपीएम, बीडीएम, बीएम, मितानिन समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में राज्य स्तर पर 10 जून को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य एवं चिरायु कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, ब्लड बैंक एवं ब्लड स्टोरेज सेंटर, सिकल सेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।इसके साथ ही राष्ट्रीय कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रम की प्रगति का भी मूल्यांकन किया गया। समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों को शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण से जोड़ने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी एवं फॉलोअप करने, उचित खान-पान तथा दवा सेवन संबंधी परामर्श प्रदान करने पर विशेष बल दिया। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## शुरू हुआ कुष्ठ खोज अभियान, एक माह तक घर-घर पहुंचकर होगी स्वास्थ्य जांच



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जून।** कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज से विशेष कुष्ठ खोज अभियान (एलसीडीसी) का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 15 जून से 15 जुलाई 2026 तक जिले के सभी विकासखंडों में संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगी तथा कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमों, ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारियों (आरएचओ), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) तथा मितानिनों द्वारा प्रत्येक घर में जाकर सभी सदस्यों की जांच की जाएगी। सर्वेक्षण के दौरान मोबाइल एप के माध्यम से सभी गतिविधियों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। संदिग्ध मरीजों की पहचान, लक्षणों का सत्यापन तथा पुष्टि होने पर मरीजों का पंजीयन 'निक्षय-कुष्ठ 2.0' पोर्टल पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के प्रमुख लक्षणों में शरीर पर सफेद या तांबे रंग के दाग दिखाई देना, दाग वाले हिस्से में सुन्नपन होना, नसों में मोटापन या दर्द महसूस होना, हाथ-पैरों में झुनझुनाहट तथा कान या चेहरे पर असामान्य परिवर्तन शामिल हैं। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम से जांच करानी चाहिए। समय पर पहचान और उपचार से शारीरिक विकृति, विकलांगता तथा स्थायी अक्षमता से बचाव संभव है। डॉ. चंद्रा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सर्वेक्षण दल के घर पहुंचने पर उनका पूरा सहयोग करें तथा परिवार के सभी सदस्यों की जांच अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग अन्य सामान्य बीमारियों की तरह पूर्णतः उपचार योग्य है। यह रोग छूने, साथ बैठने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता। मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) की पहली खुराक लेने के बाद ही रोगी की संक्रमण फैलाने की क्षमता लगभग समाप्त हो जाती है।जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग की समय रहते पहचान कर त्वरित उपचार सुनिश्चित करना है। साथ ही जिले में वर्तमान कुष्ठ प्रसार दर 3.78 को शासन द्वारा निर्धारित मानक एक से कम करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा है कि कुष्ठ रोग की जांच एवं उपचार की सभी सुविधाएं जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हैं। विभाग ने नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है।

### अब बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से ही मिलेगा राशन, ओटीपी से वितरण पर सख्ती

**धमतरी, 16 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले की 492 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से 488 ऑनलाइन दुकानों में राशन सामग्री का वितरण अब अनिवार्य रूप से ई-पॉस मशीन पर आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाएगा। शासन ने वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आधार प्रमाणीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं। जिला खाद्य अधिकारी श्री बी.के. कोर्राम ने बताया कि ई-पॉस वितरण डेटा के विश्लेषण में यह पाया गया कि कई दुकानों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बजाय ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण किया जा रहा है।

## नए शिक्षा सत्र के स्वागत को तैयार जिले के स्कूल

**रायगढ़, 16 जून।** जिले में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ के साथ 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 16 से 27 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करना, नियमित उपस्थिति बढ़ाना तथा शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिले के विद्यालयों में साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत तथा परिसर को शिक्षण-अनुकूल बनाने की कार्यवाही की गई है। विद्यालयों में आकर्षक एवं प्रिंट-रिच वातावरण तैयार किया गया है, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। गांवों एवं शहरी वार्डों में जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अभियान का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों से प्राप्त सूची के आधार पर कक्षा पहली तथा प्राथमिक शालाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा छठवीं में प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी जो किसी कारणवश विद्यालय से दूर हैं या पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, ताकि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया जाएगा। पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं साइकिल का वितरण किया जाएगा। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

कलेक्टर के निर्देशानुसार शिक्षकों द्वारा आगामी तीन माह की शैक्षणिक कार्ययोजना तैयार की गई है। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ जिला, विकासखंड एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को विद्यालयों का सतत निरीक्षण कर आवश्यक अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। शाला प्रवेश उत्सव के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समितियों, पालकों, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इच्छुक नागरिकों द्वारा बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेंसिल, स्लेट, कंपास बॉक्स सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर भी सहयोग किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी जनप्रतिनिधियों, पालकों और नागरिकों से शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## जिला पंचायत में योजनाओं की प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जून।** जिला पंचायत रायगढ़ के सभा कक्ष में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिला स्तर के विभिन्न विभागों के योजना प्रमुख अधिकारी एवं जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), एनआरएलएम तथा मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं निर्धारित लक्ष्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा योजना-वार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आवास निर्माण की स्थिति, स्वच्छता संबंधी उपलब्धियां, महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियां तथा मनरेगा अंतर्गत रोजगार सृजन एवं विकास कार्यों की जानकारी साझा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के प्रमुख मानकों (पैरामीटर) पर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की तथा कार्यों के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया।

### समयबद्ध लक्ष्य पूर्ण करने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर

समीक्षा बैठक में सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए और योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने भी संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड निरीक्षण तथा योजनाओं की प्रगति की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले का प्रदर्शन राज्य स्तर पर बेहतर हो सके।

### बेहतर समन्वय और परिणाम आधारित कार्यशैली अपनाने की अपील

बैठक के अंत में जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों से विभागीय समन्वय बढ़ाने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित समय सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक योजना के सभी प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार लाने के लिए गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति को और अधिक गति देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 22 जून को

**रायगढ़, 16 जून ।** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक 22 जून को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## निर्माण श्रमिकों के लिए विशेष अभियान शुरू ई-केवाईसी से पहले आधार से होगा रिकॉर्ड का सत्यापन

■ 30 जून तक सभी पंजीकृत श्रमिकों के विवरण अपडेट करने के निर्देश, सीएससी केंद्रों में होगी प्रक्रिया

■ नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारी होगी संशोधित, आवेदन के लिए आधार कार्ड अनिवार्य

**रायगढ़, 16 जून।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, पारदर्शिता बढ़ाने तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके पूर्व सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य को 30 जून 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा। वहां सीएससी संचालक (वीएलई ऑपरेटर) द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर पोर्टल के 'रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल' के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सत्यापन के बाद श्रमिकों की जानकारी आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुरूप अद्यतन की जाएगी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत श्रमिकों के हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्म तिथि, लिंग (जेंडर) तथा मोबाइल नंबर जैसे महत्वपूर्ण विवरणों का संशोधन किया जाएगा। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक और अद्यतन होगा तथा भविष्य में ई-केवाईसी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का सहमति पत्र (कंसेंट लेटर), ई-साइन तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य रखा गया है। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक (एप्लीकेशन नंबर) जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति का आसानी से पता लगाया जा सकेगा।श्रम विभाग ने सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर अपने रिकॉर्ड का सत्यापन एवं संशोधन कराने की अपील की है।

### ग्राम बिंद्रा नवगांव में 1.5 एकड़ शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**धमतरी, 16 जून ।** कलेक्टर के निर्देशानुसार आज राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बिंद्रा नवगांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग 1.5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमित क्षेत्र में निर्मित अस्थायी ढांचों और अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। पूरे अभियान को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई।कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारियों, पुलिस बल तथा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

**एक नजर**

## सम्पर्क केन्द्र की पहल से मिली महतारी वंदन की राशि,ललिता ने जिला प्रशासन का जताया आभार



**बलौदाबाजार, 16 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र के द्वारा महिला बाल विकास विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर हितग्राही को महतारी वंदन योजना की राशि दिलाई। बलौदाबाजार तहसील के ग्राम डमरू निवासी ललिता बाई पैंकरा ने महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 प्रतिमाह रूपए राशि नहीं दिए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए थे.उक्त हितग्राही को योजना के तहत प्रतिमाह 500 रूपए मिल रहा था। इससे आवेदिका ललिता बाई पैंकरा और उनके परिवार को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था। सम्पर्क केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद सम्पर्क केन्द्र ने तत्काल कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर आवेदिका को संचालनालय स्तर से सुधार करवा कर प्रतिमाह 1000 रूपए राशि प्रदान की जायेगी। आवेदिका ललिता बाई पैंकरा ने इस त्वरित न्याय के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पर्क केन्द्र जैसी पहल जिले के वंचित और शोषित वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। संपर्क केंद्र आम जनों की समस्या का त्वरित निराकरण करता है।

## सोशल मीडिया पर फर्जी महिला बनकर युवकों को जाल में फंसाने वाला साइबर ठग गिरफ्तार




**राजनांदगांव 16 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी पहचान बनाकर लोगों को ठगी, ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना का शिकार बनाने वाले एक शातिर साइबर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना लालबाग में प्राप्त शिकायत के अनुसार, प्रार्थी की पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लड़की की आवाज में कॉल कर उसके पिता के दुर्घटनाग्रस्त होने और गंभीर रूप से घायल होने की झूठी सूचना दी गई। जब युवती ने उक्त जानकारी को असत्य बताया, तो आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज शुरू कर दी। बाद में प्रार्थी द्वारा संपर्क करने पर आरोपी ने उन्हें भी अपशब्द कहे तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत एवं उपलब्ध ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 219/2026 धारा 296 एवं 351(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में साइबर थाना एवं थाना लालबाग की संयुक्त टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दीपक कुमार बघेल (22 वर्ष), निवासी ग्राम विष्णुपुर, थाना ठेलकाडीह, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया पर महिलाओं के नाम से फर्जी आईडी बनाकर युवकों से संपर्क करता था, उन्हें अपने झांसे में लेकर पैसों की मांग करता था तथा मांग पूरी नहीं होने पर गाली-गलौज, धमकी और ब्लैकमेलिंग करता था। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त तकनीकी साक्ष्य प्राप्त होने पर उसे गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, आरक्षक मनीष वर्मा, आरक्षक परिवेश वर्मा, जीवन ठाकुर, फलेश्वर साहू शत्रोहन सिंह तथा थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल एवं थाना लालबाग स्टाफ की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# खरीफ सीजन के लिए सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद का भंडारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 जून।** राजनांदगांव जिले में खेती-किसानी कार्यों की तैयारी में तेजी आई है तथा खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने अधिकारियों से कहा है कि किसानों को परेशानी नहीं होना चाहिए और उन्हें खाद बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में 4 जिले राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं कबीरधाम संबंद्ध है। जिनमें अब तक लक्ष्य 148420 मीट्रिक टन के विरूद्ध 100423 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण सहकारी समितियों में किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 67.66 प्रतिशत है। इसी प्रकार लक्ष्य के विरूद्ध कृषकों को 67146 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है, जो कुल भंडारण का 66.86 प्रतिशत है। किसानों की प्रति एकड़ उर्वरकों की वैज्ञानिक अनुशंसा सहित विभिन्न समूह तालिका प्रदाय किया गया है। प्राप्त तालिका एवं अनुशंसा अनुसार कृषकों को समितियों के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। खरीफ सीजन हेतु सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद का भंडारण करवाया गया है। अब तक समितियों में 33277 मीट्रिक टन रासायनिक खाद कृषकों को वितरण हेतु उपलब्ध है। सहकारी समितियों में कृषकों की मांग अनुरूप खाद भंडारण सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में आरओ व डीडी जारी किया जा रहा है, जिससे कृषकों को खाद मिलने में कोई परेशानी नहीं हो। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 18922.18 क्विंटल धान बीज का भंडारण किया गया है एवं कृषकों के मांग अनुरूप 9107.84 क्विंटल धान बीज का वितरण किया जा चुका है तथा 9814.34 क्विंटल धान बीज समितियों में स्कंध उपलब्ध है, जिसका वितरण कृषकों की मांग पर किया जाएगा।



# गांवों की ऊर्जा साथी बनेगी सोलर दीदी, 35 ग्रामीण महिलाओं को मिला तकनीकी प्रशिक्षण

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मिलेगा नया बल, ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेंगे रोजगार के अवसर

**रायपुर,16 जून।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक सराहनीय व अभिनव शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत वंदे मातरम् संकुल स्तरीय संघ से जुड़ी 35 महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों को ÷सोलर दीदी÷ के रूप में विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के बाद अब ये महिलाएं गांवों में सौर ऊर्जा संयंत्रों और उपकरणों की स्थापना (इंस्टॉलेशन), संचालन तथा उनके रखरखाव व मरम्मत का मोर्चा संभालेंगी।



#### विशेषज्ञों ने सिखाए तकनीकी गुर और व्यावहारिक पहलू

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को सोलर सिस्टम की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से सोलर पैनल और सिस्टम की तकनीकी जानकारी, इंस्टॉलेशन (स्थापना) की सही प्रक्रिया, सौर उपकरणों का नियमित रखरखाव, खराबी आने पर समस्या निवारण के व्यावहारिक तौर-तरीके बताए गए। इस पहल से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा सेवाओं की स्थानीय स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अब ग्रामीणों को अपने सौर उपकरणों को सुधरवाने के लिए शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि उनके अपने ही गांव में त्वरित तकनीकी सहायता मिल सकेगी।

#### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मिलेगी गति

यह अभियान केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में मील का पत्थर साबित होगा। ये सोलर दीदियां ग्रामीण घरों और स्थानीय संस्थानों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सीधे तौर पर सहयोग करेंगी। इससे जहां एक ओर ग्रामीण अंचलों में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा का तेजी से विस्तार होगा, वहीं दूसरी ओर सौर संयंत्रों की स्थापना से मिलने वाले कमीशन और तकनीकी सर्विस चार्ज के माध्यम से इन महिलाओं की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

#### महिला सशक्तिकरण और सतत विकास का बेहतरीन मॉडल

जिला पंचायत कबीरधाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण और नवाचारपूर्ण कदम है। सोलर दीदी कार्यक्रम महिलाओं को पुरुष प्रधान माने जाने वाले तकनीकी क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने का शानदार अवसर प्रदान करेगा।

#### सोलर दीदियां गांवों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएंगी

यह अनूठी परियोजना महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण (हरित ऊर्जा संवर्धन) और सतत विकास के लक्ष्यों को एक साथ हासिल करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रही है। आने वाले समय में ये सोलर दीदियां न केवल कबीरधाम के गांवों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएंगी, बल्कि समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का बड़ा स्रोत बनेंगी।

## जरूरतमंदों के लिए फरिश्ता बने यूनुस अजनबी, रक्त अलंकरण सम्मान से नवाजे गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 जून।** अस्पतालों में जब रक्त की कमी के कारण मरीजों की सांसें अटक जाती हैं और परिजन मदद की तलाश में भटकते हैं, तब एक नाम अक्सर राहत बनकर सामने आता है–यूनुस अजनबी। जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए विश्व रक्तदाता दिवस पर उन्हें रक्त अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। भिलाई के कला मंदिर में सेवक जन फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्त अलंकरण सम्मान समारोह में यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के संयोजक एवं राजनांदगांव जिले के गौरव यूनुस अजनबी को यह सम्मान प्रदान किया गया। वर्षों से वे सिकलसेल और थैलेसीमिया पीड़ितों, सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने यूनुस अजनबी की सराहना की यूनुस की टीम ने सैकड़ों मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर नई जिंदगी देने में अहम भूमिका निभाई है। यही वजह है कि आज उनका नाम रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में एक भरोसे के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल रहे। इस अवसर पर विकास जायसवाल, राज आढ़तिया, हनी गुप्ता, गुलशन पटेल, जाहिद अली सहित आशीर्वाद ब्लड बैंक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफज़ल अली ने कहा कि रक्तदान महादान है और यूनुस अजनबी जैसे लोग समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। एक फोन कॉल पर रक्तदाताओं को जोड़कर अनगिनत लोगों की जिंदगी बचाने वाले यूनुस अजनबी का यह सम्मान पूरे राजनांदगांव जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष ने दी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 16 जून।** 16 जून से प्रदेश में प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र के पावन अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भा.ज.यु.मो.) रायपुर के जिला उपाध्यक्ष श्री सागर पंजवानी ने समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।?इस अवसर पर जारी अपने संदेश में सागर पंजवानी ने कहाः शिक्षा ही किसी भी उन्नत समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है। नया शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए नए संकल्प, नई ऊर्जा और नई संभावनाओं का सवेरा लेकर आता है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे नौनिहाल पूरी एकाग्रता और लगन के साथ ज्ञान के इस नए सफर की शुरुआत करेंगे। श्री पंजवानी ने विद्यार्थियों के जीवन को गढ़ने में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का मार्गदर्शन और माता-पिता के संस्कार ही बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाते हैं। विद्यालय परिवार का हर एक सदस्य बधाई का पात्र है जो बच्चों के भविष्य को संवारने में दिन-रात जुटा रहता है।



भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों के सुखद, सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इस सत्र में न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें, बल्कि खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी परिवार ,समाज सहित पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।

### नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर रानी सौरभ जैन ने दी शुभकामनाएँ



**तिल्दा-नेवरा, 16 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा तिल्दा शहर मंडल की अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 21 (मिशन वार्ड) की पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन ने समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नया शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के जीवन में नए अवसर, नए संकल्प और नई संभावनाएँ लेकर आता है। विद्यार्थियों को पूरी लगन, मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अध्ययन करते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। प्रत्येक विद्यार्थी अपने परिश्रम और सकारात्मक सोच से अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकता है। रानी सौरभ जैन ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि यह नया शैक्षणिक सत्र सभी विद्यार्थियों के जीवन में सफलता, आत्मविश्वास, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति लेकर आए। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दुष्कर्म के आरोपी को मिली कड़ी सजा

**बलौदाबाजार 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल निर्देशन में विवेचना अधिकारी सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय एवं प्रधान आरक्षक अरशद खान (तत्कालीन थाना पलारी) की उत्कृष्ट व वैज्ञानिक विवेचना के फलस्वरूप, माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सो), बलौदाबाजार के पीठासीन अधिकारी श्री गिर्जेश प्रताप सिंह द्वारा आरोपी वासिफ आलम उर्फ आतिफ को विभिन्न गंभीर धाराओं में दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण और पुलिस कार्रवाईः- मामला थाना पलारी का है, जहां प्रार्थी द्वारा दिनांक 08.03.2025 को अपनी नाबालिग लड़की/पीड़िता के बिना बताए घर से कहीं गुम हो जाने की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा तत्काल गुम इंसान क्रमांक 33/2025 कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान अज्ञात आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर अपराध क्र. 91/2025, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ?विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिससे संदेही का लोकेशन नांगलोई, दिल्ली में प्राप्त हुआ।

## सांसद बृजमोहन ने ली कोर ग्रुप की बैठक, संगठनात्मक मजबूती और सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार पर जोर





**रायपुर 16 जून।** सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को रायपुर जिला ग्रामीण भाजपा कोर ग्रुप की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी अभियानों की कार्ययोजना और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा, ÷केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ और राज्य सरकार के लोकलुभावन फैसलों ने छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली है। इन उपलब्धियों को 'जन-जागरण अभियान' के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है।÷ श्री अग्रवाल ने उन्होंने संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रियता बढ़ाने और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ÷रायपुर जिला ग्रामीण क्षेत्र में संगठन को एक नई ऊर्जा और सक्रियता के साथ कार्य करना होगा ताकि केंद्र की राष्ट्रीय नीतियों और राज्य सरकार के जनसेवा कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सके।÷

बैठक में आगामी समय में चलाए जाने वाले विभिन्न अभियानों पर भी मंथन हुआ। श्री अग्रवाल ने आह्वान किया कि वे जनसंपर्क अभियानों के जरिए जनता के बीच अपनी पैठ और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के विजन और राज्य सरकार के विकास कार्यों के बीच बेहतर तालमेल बिठाकर जनता के विश्वास को और अधिक पुख्ता करना है। बैठक में मंत्री श्री टंक राम वर्मा, मंत्री गुरु खुशवंत साहब विधायक श्री अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, प्रदेश महामंत्री श्री अखिलेश सोनी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री अशोक बजाज, सह संभाग प्रभारी श्री राजीव सिंह, रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी श्री सुरेंद्र पाटनी, जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री श्याम नारंग उपस्थित रहें।

# ऐतिहासक रहा शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय 1995 बैच का गुरु-मित्र मिलन समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नवापारा-राजिम 16 जून।** शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नवापारा-राजिम के 1995 का गुरु-मित्र मिलन समारोह 14 जून को आयोजित किया गया। कुछ बातें और बहुत सारी यादों के साथ 31 साल पुराने छात्रों ने एक बार मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। दौर ऐसा रहा कि इंजीनियर, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक या राजनीति के उच्च शिखर पर आसीन वर्तमान पहचान को भूलकर एक बार फिर स्वयं को 1995 बैच का छात्र मानते हुए एक दूसरे से मिलकर भावुक हो गए। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के साथ साथ झारखंड एवं मध्यप्रदेश से दोस्त समारोह में शामिल होने नवापारा नगर में एकत्रित हुवे थे।

कुछ छात्रों ने इस आयोजन के लिये बहुत मेहनत की और देखते ही देखते बहुत कम समय एक शानदार आयोजन की रूपरेखा बन गई। इसमें मंच संचालन, चाय-नाश्ता, दोपहर का खाना और शाम को फिर हाई-टी सभी कुछ छात्रों ने आपस में मिल कर किया था। पूरा आयोजन आपसी सामंजस्य, प्रेम और उल्लासपूर्ण संपन्न हुआ। आयोजन की सभी ने प्रशंसा की।




कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान के साथ हुई। फिर छात्रों का धमाकेदार स्वागत किया गया। फिर नाश्ता और शुरू हुआ यादों की बरसात का। कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण बात ये रही कि इसमें हरेक छात्र को अपनी-अपनी बात रखने और वर्तमान में अपने क्षेत्र और कामकाज की पूरी जानकारी देने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

**अपने पुराने स्कूल पहुंचकर की यादें ताजाः** फिर सारे मित्र बाइक रैली की शक्ल में 31 साल पुराने अपने उन यादों को साझा करने शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। जहां प्राचार्य फखरा खानम दानी का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। स्कूल का भ्रमण करने और अपनी पुरानी कक्षाओं के डेस्क-बेंचों पर दोस्तों के साथ बैठकर उन्होंने स्कूल के दिनों की यादों को ताज़ा किया। छात्रों ने वर्तमान प्राचार्य और दोस्तों के साथ स्कूल प्रांगण में खिंचवाई गई ग्रुप फोटो को जीवन की अमूल्य धरोहर बताया।

**दूसरे सत्र में हुआ गुरुजनों के सम्मान :** कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शाम चार बजे गुरुजनों के सम्मान और आशीर्वाद के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य आर बी शर्मा मुख्य अतिथि, एन के शर्मा विशेष अतिथि, तत्कालीन प्राचार्य फखरा खानम दानी, शिक्षक एम एल साहू, आर एल साहू और एसआर सोन उपस्थित रहे।

**गुरुजनों ने की हरिहर के आदर्श संस्कारों की बात :** इस अवसर पर उपस्थित गुरूजनों ने शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के अनुशासन और संस्कारों की जमकर सराहना की। साथ ही सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं।

**समय बदल जाए पर मित्रता की डोर कमजोर न हो :** शासकीय आदर्श हरिहर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय 1995 का गुरु-मित्र समारोह ने साफतौर पर यह संदेश दिया कि समय कितना भी बदल जाए, कितनी भी व्यस्तताएं हो जाए, कितनी भी तकलीफें जीवन में आए पर मित्रता की डोर कमजोर न होने पाएं।

**भावुक था विदाई का पलः** समय कितना तेजी से बीतता है, इसका अंदाजा तभी लगा जब सभी छात्र सुबह 9 बजे से ही जुटने लगे और दोपहर होते-होते पूरा सभागार बैच 1995 के छात्रों से भर गया। परिचय के साथ-साथ गीत-संगीत के कार्यक्रम ने महिफल और सजा दिया। ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा था कि ये आयोजन 31 साल के पुराने साथियों का हो, उम्र के इस पड़ाव में भी छात्रों ने वही रंगत बिखेरगी, जो 12वीं के समय थी। खूब डांस और भरपूर मंनोजरक आयोजन के साथ एक बार फिर समय ने करवट ली और विदाई की बेला आ गई पता ही नहीं चला।

# नया शैक्षणिक सत्र शुरू,स्कूलों में छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत



**रायपुर, 16 जून ।** छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में आज से ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो रही है. साथ ही 16 से 27 जून तक शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा. विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और किताबें भेंट कर स्वागत किया जाएगा.

शाला प्रवेश उत्सव का 30 जून को मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्कूल शिक्षा मंत्री समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे. संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और साइकिलों का वितरण किया जाएगा.

राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर के स्कूलों में आज फिर रौनक लौटी है. गर्मी छुट्टियों के बाद पहले दिन विद्यालय पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं का शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया. साथ ही उन्हें किताबें भी भेंट की गई. पहली बार स्कूल पहुंचे नौनिहालों के लिए यह दिन खास तौर पर यादगार रहा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 16 जून से नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर प्रदेश के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पूरी लगन और उत्साह के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि आप सभी बच्चों के सपनों को आकार देने और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का माध्यम है. उन्होंने बच्चों से पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्साह के साथ नियमित रूप से विद्यालय जाने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने का आग्रह किया.मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का परिश्रम और शिक्षा ही आने वाले समय में बच्चों की सफलता का आधार बनेगी. उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने तथा ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व विकास के माध्यम से प्रदेश और देश के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ के बच्चे अपनी प्रतिभा, मेहनत और संकल्प के बल पर भविष्य में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे तथा प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे. उन्होंने सभी विद्यार्थियों के सफल, उज्ज्वल और प्रेरणादायी भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### राम वन गमन पथ परियोजना को लेकर भाजपा की नीयत में खोट

**रायपुर, 16 जून ।** भाजपा पर उद्योगपति के साथ मिलकर राम वन गमन पथ परियोजना के खिलाफ दुष्प्रचार करने और अब 7 लाख पेड़ काटने की अनुमति देने पर सवाल खड़ा करते हुऐ प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि हसदेव क्षेत्र में राम वन गमन पथ परियोजना को लेकर भाजपा की नीयत में खोट थी।उद्योगपति को लाभ पहुँचाने भाजपा ने परियोजना के खिलाफ झूठा मनगढ़ंत आरोप लगाकर दुष्प्रचार किया और ढाई साल से परियोजना के दूसरे चरण के कार्यो को रोके रखा ताकि भाजपा के चहेते उद्योगपति को राम वन गमन क्षेत्र में जंगलों की कटाई एवं कोल खनन की अनुमति मिल सके। केंद्र एवं राज्य सरकार ने मिलकर केते एक्सटेंशन में कोल खनन और 7 लाख पेड़ो को काटने की अनुमति दे दी है। इस अनुमति से राम वन गमन पथ परियोजना पूरी तरह प्रभावित होगा। माता सीता की रसोई भी खतरे में है। जंगल की कटाई से प्रदेश में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के वनवास काल के समय की स्मृतियाँ एवं निशानी खत्म हो जायेगी। भाजपा जो राम जी के नाम से राजनीति करती है वो इस संकट पर मौन क्यो है? प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी छत्तीसगढ़ के भांचा माता कौशिल्या का मायका है कांग्रेस सरकार ने राम जी के वनवास कॉल के समय छत्तीसगढ़ में बीते समय को चिन्हांकित कर परियोजना शुरू किया था।जिसका विरोध भाजपा ने किया।

### मैदान में क्रिकेट खेलने पहुंचे एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर 16 जून।** रायपुर के बिरगांव स्थित शहीद नंद कुमार पटेल कॉलेज मैदान में क्रिकेट खेलने पहुंचे एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया गया कि युवक जैसे ही मैदान में क्रिकेट खेलने पहुंचा, तभी कुछ लोगों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने चाकू और डंडे दोनों का इस्तेमाल किया। जानकारी के अनुसार आरोपी अमन उइके और उसके साथियों ने मुखबिरी के शक में युवक को निशाना बनाया। हमले के दौरान युवक की जांघ और घुटने पर चाकू से गंभीर चोटें आईं। इसके साथ ही आरोपियों ने डंडों से भी उसकी पिटाई की, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। हमले के बाद मैदान में अफरा-तफरी मच गई और मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह युवक की जान बचाई। घायल युवक को तुरंत मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर खमतराई थाना पुलिस ने अमन उइके और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बिजली दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का आंदोलन 17 से

**रायपुर, 16 जून ।** बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस पीसीसी ने प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। इस कड़ी में 17 और 18 जून को जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। बताया गया कि बुधवार 17 तारीख को सभी जिला मुख्यालयों में बिजली कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। इसी दिन मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर बिजली दर वृद्धि के खिलाफविरोध दर्ज कराया जाएगा। 18 जून को वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जिलास्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की जाएगी।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू श्रेणी में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तथा कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिए 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की है। पार्टी का कहना है कि इससे आम उपभोक्ताओं और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। 18 जून को होने वाली पत्रकारवार्ताओं के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिलों का प्रभारी बनाया गया है। दुर्ग में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, सरगुजा में पूर्व डिप्टी सीएम टी.एस. सिंहदेव, कोरबा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, राजनांदगांव में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, बिलासपुर में पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू तथा जगदलपुर में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगे।

पार्टी ने पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, ब्लॉक अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, सोशल मीडिया टीम, नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों से आंदोलन में शामिल होंगे।

## संविधान जागरूकता पर व्याख्यान

**रायपुर, 16 जून ।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में संविधान जागरूकता पर व्याख्यान, कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन हॉल, सिविल लाईन्स में किया गया. प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बताया कि संविधान जागरूकता पर अधिवक्ता और सामान्य जन चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंकज त्रिपाठी द्वारा अपने ओजस्वी वक्तव्य में संविधान संशोधन और कानून के विषय में सारगर्भित जानकारी दिया गया. उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग दरअसल प्रतिबंधित वर्ग है जबकि संविधान समानता का अधिकार देता है. कवि सम्मेलन में आमंत्रित साहित्यकार गजेन्द्र द्विवेदी – गिरीश भिलाई, सीमा पांडेय (भाठागांव), पंखुरी मिश्रा, राजकुमार धर द्विवेदी, श्रद्धा पाठक – स्वस्ती, सीमा पाण्डेय (प्रोफेसर कालोनी), रमेश तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, बिलासपुर ने काव्य पाठ किया. जिसका सभी श्रोताओं ने तालियों के साथ भरपूर आनंद उठाया. सम्मान समारोह के क्रम में व्याख्यान हेतु श्री पंकज त्रिपाठी को विप्र गौरव सम्मान, साहित्यकारों को विप्र शब्द साधक सम्मान एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को विप्र सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, महासचिव द्वय डॉ. सुनील कुमार ओझा, अजय अवस्थी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, रामवृत तिवारी, त्रिभुवन तिवारी, संजय बिलथरे, राघवेंद्र पाठक, सतीश शर्मा, उमेश शर्मा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, बबीता मिश्रा, वीणा मिश्रा, सुमन पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## धन के गबन के मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू

**रायपुर, 16 जून ।** एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी , फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी पिथौरा शाखा (सरायपाली क्लस्टर, अंबिकापुर क्षेत्र) में कंपनी के फंड के अनधिकृत उपयोग और संदिग्ध गबन के मामले में शाखा प्रबंधक के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई शुरू की है। कंपनी ने हितधारकों के हितों की रक्षा करने और कॉर्पोरेट गवर्नेंस एवं जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए यह त्वरित कदम उठाया है। यह मामला 1 जून, 2026 को प्रकाश में आया, जब पिथौरा शाखा में नकदी की कमी पाई गई। इसके बाद आंतरिक सत्यापन में शाखा के पास मौजूद नकदी में विसंगतियां सामने आईं। 2 जून, 2026 को शाखा प्रबंधक श्री रोहित पटेल ने क्षेत्रीय प्रबंधक को सूचित किया कि शाखा की नकदी का एक हिस्सा व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए उपयोग किया गया था। प्रारंभिक जांच के आधार पर, फ्यूजन फाइनेंस ने शाखा की नकदी के अनधिकृत उपयोग और रिकॉर्ड में विसंगतियों की पहचान की, जिसमें लगभग 5 लाख रुपये की संदिग्ध धोखाधड़ी शामिल है। कंपनी ने तुरंत मामले को आगे बढ़ाया और सुधारात्मक, कानूनी और समीक्षात्मक उपाय शुरू किए। अनियमितताओं की पुष्टि होने पर, कंपनी ने पुलिस को मामले की सूचना दी, कानूनी कार्यवाही शुरू की और आरोपी कर्मचारी से एक हलफनामा प्राप्त किया, जिसमें उसने शाखा की नकदी के अनधिकृत उपयोग की बात स्वीकार की है। कानूनी विभाग ने उचित आपराधिक कार्रवाई के लिए कानूनी सलाहकारों और आंतरिक टीमों के साथ समन्वय किया। कंपनी की शिकायत के आधार पर, 5 जून, 2026 को भारतीय न्याय संहिता के विश्वासघात और संबंधित अपराधों के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी संख्या 142/2026 दर्ज की गई।

## छत्तीसगढ़ में नई जागृति आएगी: विनय कुशल मुनि



**रायपुर, 16 जून ।** सोमवती अमावस्या के शुभदिवस खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में तप चक्रवर्ती श्री विराग मुनि भगवंत के 165 उपवास के सुखशाता की मंगलभावना के साथ दादागुरुदेव की बड़ी पूजा बड़े उल्लासपूर्ण भावों से सम्पन्न हुई । ज्ञात हो कि पूज्य श्री विराग मुनि जी के आज 16 जून को 166 वां उपवास है और यह क्रम अभी आगे जारी है । जैन धर्म मे चारों दादागुरुदेव कि असीम कृपा रही है विशेषकर तृतीय दादा श्री जिनकुशल सूरी जी तो प्रगट प्रभावी दादा है जो भी इनको मन से भक्ति भाव से पुजा अर्चना करता है उसे मनवांछित फल निश्चित ही प्राप्त होता है उपरोक्त उदगार पूजा के अनुष्ठान में अध्यक्ष संतोष बैद ने व्यक्त करते हुए दादागुरुदेव को नमन किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि गतिमान 166 उपवास की उग्र तपस्या करने वाले तप चक्रवर्ती श्री विराग मुनि जी खरतरगच्छ जैन समाज की शान हैं । पूज्य गुरुदेव की तपस्या की सुखशाता पूछते हुए बारम्बार अनुमोदना करते हैं । आगामी 18 जून को छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर खरतरगच्छ के सातवें आचार्य बनेंगे गणिवर्य श्री विनय कुशल मुनि जी , आपकी प्रेरणा व मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नई जागृति आवेगी । कोचर ने आगे बताया कि पूजा का आगाज मंत्र नवकार हमें है प्राणों से प्यारा के भजन से करते हुए सर्वप्रथम स्थापना का विधान नारियल अक्षत के साथ मंत्रोच्चार से प्रारम्भ हुआ फिर प्रथम नवहन जल अभिषेक का विधान गुरु प्रतिख सुरतरु रूप सुगुरु सैम दूजो तो नही के बोलो के साथ संगमरमर की कलात्मक छतरी में विराजित मूर्तियो को पवित्र जल से अभिषेक कर पूर्ण विधि विधान से जल पूजा सम्पन्न किया गया इसी के साथ सुप्रसिद्ध गायक वर्द्धमान चोपड़ा व दीप्ति बैद के भक्ति पूर्ण भजनों से भक्ति रस की अविरल गंगा प्रवाहित होने लगी कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी मोको सबल भरोसो तेरो चंद्रसूरी पट्टधारी के गुणानुवाद स्वरूप बोलो ने सभी को भाव विभोर कर दिया-इसी के साथ क्रमशः चंदन , धूप , दीपक , अक्षत पुष्प , नेवैद्य , फल के अर्पण द्वारा दादा गुरुदेव के अष्ट प्रकारी पूजा का विधान सम्पन्न किया गया ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26